रोहतक

सोमवार, 4 अगस्त 2025

श्रावण मास शुक्ल पक्ष,
दशमी वर्ष : 29, अंक : 185
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 35.2
न्यून. 22.2



5 ब्राजील ने जीता कोपा अमेरिका फेमिनिना खिताब





INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

आधार कार्ड पर$ लोन और कैश EMI

Get instant discount up to 10,000# on your credit card EMI HDFC BANK & on select cards#. Powered by pine labs #T&C apply

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Basis data available in public forum for products in 100cc Motorcycle segment. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships.T&C apply.

टोल फ्री 1800 266 0018

Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors- 9289923122; Ambala City: Dhruv Hero - 9289922868; Assandh: Sandhu Hero - 9996571157; Bahadurgarh: Satvik Hero - 9289922550 Bhiwani: Jaya Hero - 9289922056; Ellenabad: Ajit Hero - 9289922505; Fatehabad: Shri Balaji Hero - 9289922057; Gharaunda: Laxmi Hero - 9289922433; Gohana: Krishna Hero - 9289923026; Hisar: Chaudhary Hero - 9289922049, Vikrant Hero - 9289923082; Jhajjar: Pushkar Hero - 9289923147; Jagadhari: Khanna Hero - 9289922050; Jind: National Hero - 9289922061; Kaithal:Chaudhary Hero - 9289922062; Karnal:Nirmal Hero - 9289922048; Kurukshetra: VPS Hero - 9289922988; Ladwa:Khanna Hero - 9289922063; MandiDabwali: Karan Hero - 9289922490; Nuh:Sunil Hero - 9289923087; Narnaul:Autodeals Hero - 9289922058; Narwana:Narwana Hero- 9289923101; Palwal: DevVaahan Hero - 9289922877; Panchkula: Regent Hero - 9289923161; Panipat: Kadian Hero - 9289923182, Sahib Hero - 9289922059; Pehowa: Saraswati Hero - 9289922393; Rewari: Virendra Hero - 9289922060; Rohtak:Shivam Hero - 9289922047; Sirsa: Khanna Hero- 9289923195; Sonipat: Madaan Hero - 9289922865; Yamuna Nagar: Rohit Hero - 9289922394; Hansi: Sunil Motors- 9821744694.

VML.5827.2025

खबर संक्षेप

## हर क्षेत्र में निष्पक्ष रूप से करवा रहे : कृष्ण बेदी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि सच्चे जन प्रतिनिधि का एक मात्र धर्म जनसेवा होता है। निस्वार्थ भाव से जनभावनाओं के अनुरूप जनहित के कार्य करवाना और आमजन की समस्याओं का समाधान करना ही सच्चे एवं सार्थक जनसेवक की पहचान होती है। मौजूदा राज्य सरकार निष्पक्ष तरीके से प्रदेश के सभी क्षेत्रों में संतुलित एवं बराबर विकास कार्य करवा रही है। हरियाणा में हो रहे विकास कार्यों की चर्चा पंजाब जैसे पडोसी राज्य में भी है। अन्य इलाकों की तरह नरवाना भी भविष्य में विकास का उदाहरण बने, इसके लिए वे दिन-रात प्रयासरत्त हैं।

## 5 लाख टैबलेट बन गए खिलौना : सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार की शिक्षा व्यवस्था की सच्चाई उस समय खुलकर सामने आ गई जब कोविड काल में 700 करोड़ रुपये के खरीदे गए 5 लाख टैबलेट आज मात्र खिलौना बनकर रह गए है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह टैब घोटाले की निष्पक्ष जांच करवाकर दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे, जिन्होंने टैब के नाम पर देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया।

## यूट्यूबर अरमान की पत्नी की धार्मिक सजा पूरी

**चंडीगढ़।** यूट्यूबर अरमान मलिक की पत्नी पायल ने पटियाला के काली माता मंदिर में धार्मिक सजा पूरी कर ली है। अंतिम दिन अरमान ने दोनों पत्नियों पायल और कृतिका मलिक और चारों बच्चों के साथ मंदिर में हवन किया। इसके बाद कंजक पूजन किया गया। इसके साथ ही पायल ने यह वादा भी किया कि भविष्य में दोबारा इस तरह की गलती नहीं करेंगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी अपलोड किया है जिसमें वह अपने पति अरमान के साथ गा रही हैं।

## पूर्व-मंत्री ने दिए नई पार्टी बनाने के संकेत

**चंडीगढ़।** पूर्व मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने प्रदेश में नई पार्टी बनाने के संकेत दिए हैं। नारनौल में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चुनावों में अभी चार साल बचे हैं। ऐसे में इन चार सालों में घर बैठने से फायदा नहीं, हमें फिल्ड में जाना होगा। वे खुद प्रदेश के सभी जिलों का दौरा कर रहे हैं। आज नारनौल उनका पांचवां जिला है। उन्होंने कहा कि, चुनावों के समय में कांग्रेस की बहुत हवा थी कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी, मगर वह हवा नहीं रही और प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बन गई। उन्होंने लोगों से कहा कि वे एक बड़ी रैली के लिए तैयार रहें। हिसार या जहां कहीं भी जगह सही होगी। वहां पर बड़ी प्रदेश स्तरीय रैली की जाएगी।

## भाजपा पार्षदों का ग्रुप नेपाल में नजर आया

**चंडीगढ़।** गुरुग्राम की मानेसर नगर निगम में 5 अगस्त को होने वाले सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव को लेकर राजनीतिक उठापटक चल रही है। केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राव नरबीर की सियासी खींचतान के चलते भाजपा ने पाला बदलने के डर से 12 पार्षदों को नेपाल भेज दिया। अब वहां से पार्षदों की एक तस्वीर सामने आई है। इस फोटो में सभी पार्षद नेपाल के मशहूर ब्रांड डैडी'ज किचन रेस्टोरेंट से खाना खाकर निकलते दिख रहे हैं। इसी के साथ नेपाल भेजे गए पार्षदों के नामों का भी खुलासा हो गया है।

## स्कूलों की जर्जर बिल्डिंग को लेकर याचिका दायर होगी

**फरीदाबाद।** स्कूलों के सुरक्षा ऑडिट व उनकी जर्जर बिल्डिंग व कमरों को लेकर हरियाणा अभिभावक एकता मंच, ऑल इंडिया पेरेंट्स एसोसिएशन आईपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ एडवोकेट अग्रवाल के माध्यम से पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर करेगा। मंच के लीगल सेल ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओपी शर्मा व लीगल एडवाइजर एडवोकेट बीएस विरदी ने कहा है कि मंच की ओर से डीईओ ऑफिस में एक अगस्त को एक आरटीआई लगाकर जानकारी मांगी थी।

### प्रदेश कांग्रेस के जिला अध्यक्षों की सूची जारी करने और चयन का मामला

# फाइनल हुई लिस्ट, कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नामों की घोषणा किसी भी वक्त, हाईकमान कर चुका मंथन

- सुरजेवाला ने संगठन की सूची को लेकर कहा- यह काम हाईकमान का, वे जल्दी ही सूची जारी करने की अपील करेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

प्रदेश के अंदर कांग्रेस का संगठन मजबूत बनाने और जिला अध्यक्षों की चयन प्रक्रिया को लेकर पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट जाने के बाद में पड़ताल और मंथन हो चुका है। इस तरह से अब हाईकमान किसी भी वक्त इस सूची को जारी करने की तैयारी में है। सुरजेवाला ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह काम हाईकमान का, वे जल्दी ही सूची जारी करने की अपील करेंगे। पहली बार इस तरह से हाईकमान ने सीधे ही जिलाध्यक्षों की नियुक्ति मामले में खुद विचार किया है। खुद हरियाणा कांग्रेस को मजबूत करने के लिए राहुल गांधी रुचि ले रहे हैं, उन्होंने इस क्रम में चंडीगढ़ आकर विचार मंथन किया था। जिसके बाद में पर्यवेक्षकों ने जिलेवार सर्वे किया और फीडबैक लिया था। जिसके बाद हर जिले की अलग अलग रिपोर्ट तैयार कर भेजी गई थी। जिला अध्यक्षों के नामों पर मंथन कर खुशखबरी सुनाने का अब समय आ गया है। जिला अध्यक्षों के नामों को लेकर खुद मंथन में जुटे राहुल गांधी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और पार्टी हरियाणा मामलों के प्रभारी बीके हरिप्रसाद से भी विचार मंथन कर चुके हैं। सूत्र बताते हैं कि पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट को लेकर भी रीचेक और दोहरी पड़ताल की गई है। रिपोर्ट को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष, हरियाणा कांग्रेस मामलों प्रभारी और वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल को भेजी गई है।

### राहुल गांधी पूरी तैयारी में

पहले चरण का काम और प्रक्रिया पूर्ण कर ली है, छह-छह नामों के पैनल हाईकमान को सौंपे हैं। कुल मिलाकर राहुल गांधी इस बार जिला अध्यक्षों के



नाम का एलान करने के लिए अब पूरी तरह से तैयारी में है। यहां बता दें कि इस बार हरियाणा में लंबे अर्से के बाद संगठन को मजबूत बनाने और हस्तक्षेप होने देने व गुटबाजी समाप्त करने जैसी सभी बातों को ध्यान में रखकर फैसले लिए जा रहे हैं। पिछले कईं दिनों से पर्यवेक्षकों को साफ कर दिया गया था कि अंदर प्रक्रिया को पूरा कर 30 जून तक रिपोर्ट तैयार कर सबमिट कर दें। जिसके तहत ही अधिकांश जिलों में काम हुआ था। लेकिन जून के बाद से अभी तक भी नामों की घोषणा लटकी हुई है।

### रिपोर्ट हाईकमान को भेजी गई

सोमवार को रिपोर्ट पर्यवेक्षकों की ओर से हाईकमान को भेजी गई है। जिलों में जिला अध्यक्ष पद के लिए आवेदन देने वाले उम्मीदवारों से साक्षात्कार पहले ही पूर्ण हो चुके थे। यह भी बता दें कि कांग्रेस मामलों के प्रभारी बीके हरिप्रसाद ने 30 जून सर्वे और फीडबैक रिपोर्ट, हर जिले से छह नामों का पैनल देने के आदेश दिए थे। जिसको सभी जिलों में समयबद्ध तरीके से पूरा भी किया गया था। लेकिन हाईकमान के पास मामला जाने के बाद लटकी हुई सूची का इंतजार लंबा होता चला गया।

### जातिगत गणित पर भी फोकस

इस बार एससी और बीसी महिलाओं का नाम पैनल में यहीं से शामिल कर भेजा है। हर जिले में जातिगत गणित और सोशल इंजीनियरिंग भी कांग्रेस की ओर से की जा रही है। खास बात यह है कि छह नामों में एक एक नाम एससी और बीसी महिला का अनिवार्य तौर पर दिया जाना था, इसके लिए बाद में कोई भी बदलाव करने का विकल्प नहीं दिया गया है, इस लिए छह नामों में दो महिलाओं के नाम जाएंगे यह भी पूरी तरह से साफ बात है। भरोसेमंद सूत्र बता रहे हैं कि हर जिले से छह छह नामों का पैनल बनाकर तैयार कर लिया है, इक्का दुक्का में कुछ काम बाकी था, समाचार लिखे जाने तक उसको भी देर रात तक पूर्ण कर लिए जाने की बात कही जा रही है। पहले चरण का का कामकाज पूर्ण हो जाने के साथ ही जिला अध्यक्षों के नाम का फैसला इस बार सीधे ही दिल्ली हाईकमान की ओर से होगा। कांग्रेस हाईकमान द्वारा भेजे गए विशेष दूतों को पहली दूसरी तीसरी प्राथमिकता देने का भी साफ साफ निर्देश था। कांग्रेस में इस बार मजबूत संगठन खड़ा करने और संगठन की जिम्मेदारी उठाने वाले मजबूत नेताओं से ही विस और लोकसभा चुनावों में उम्मीदवार चयन की जिम्मेदारी को लेकर भी फीडबैक लिया गया था।

# 35 हजार में बताते थे गर्भ में लड़का है या लड़की सीएम फ्लाइंग ने पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

पिछले कुछ दिनों से स्वास्थ्य विभाग पलवल, फरीदाबाद व मुख्यमंत्री उडन दस्ता फरीदाबाद को गुप्त सूचना मिल रही थी कि कुछ व्यक्ति लिंग जांच कराते हैं तथा गर्भवती महिला के गर्भ में पल रहे बच्चे का अल्ट्रासाउंड कराकर लिंग की पहचान बता देते हैं। जबकि बच्चे के जन्म से पहले यह बताना अपराध है तथा लिंग जांच के नाम पर मोटी रकम लेते हैं। इस सम्बंध में मुख्यमंत्री उडन दस्ता फरीदाबाद द्वारा सटीक सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग पलवल को सूचित किया गया तथा सीएमओ पलवल द्वारा गिरोह को पकडने के लिए टीम नियुक्त की व लिंग जांच कराने के लिए नकली ग्राहक तैयार किये गए। इस मामले में कार्यवाही करने के लिए स्वास्थ्य विभाग जिला पलवल से डॉ संजय उप सिविल सर्जन, डॉ प्रवीण एसएमओ व पीएनटीडी नोडल अधिकारी, डॉ नवीन एमओ व डॉ अन्तिका एलएमओ व स्थानीय पुलिस व महिला पुलिस कर्मी के साथ टीम तैयार की। संयुक्त टीम द्वारा एक गर्भवती महिला व सूचना देने वाले व्यक्ति को नकली ग्राहक के तौर पर तैयार किया गया। नकली ग्राहक ने मनीष निवासी कच्ची कॉलोनी समयपुर फरीदाबाद से बात हुई। जिस पर मनीष ने लिंग जांच कराने के लिए 35 हजार रुपए की मांग की। कल 2 अगस्त को करीब 1 बजे मनीष ने नकली ग्राहक को पलवल में जांच न कराने बारे बताकर आईएमटी चौक बल्लभगढ़ बुलाया। जिस पर स्वास्थ्य विभाग की टीम आईएमटी चौक के नजदीक पहुंची व स्वास्थ्य विभाग फरीदाबाद की टीम को सूचित किया। टीम द्वारा अल्ट्रासाउंड मशीन को सील किया गया व डॉ निमेश गुप्ता के अल्ट्रासाउंड सेंटर से रिकॉर्ड का अवलोकन किया व अल्ट्रासाउंड करने सम्बंधित दस्तावेजों को कब्जे में लिया गया और उपरोक्त तीनों आरोपियों द्वारा 35 हजार रुपए लेकर गर्भ में पल रहे बच्चे की पहचान उजागर करने व अल्ट्रासाउंड कराने के लिए फर्जी दस्तावेज के सम्बंध में पुलिस को शिकायत दी।

## हवन करके माता परमेश्वरी देवी जी को नमन किया



*रोहतक। सिंधु भवन में रविवार को स्वर्गीय पूज्या माता परमेश्वरी देवी जी को छमाही बरसोदी पर सिंधु परिवार व सगे-संबंधियों की उपस्थिति में श्रद्धापूर्वक हवन करके नमन किया गया। माता जी की पवित्र स्मृति में मंगल पाठ और धार्मिक परंपराओं का भावपूर्वक पालन करते हुए, सभी परिजनों ने एकत्र होकर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान सिंधु परिवार के साथ उनके शुभ चिंतक और संबंधी मौजूद रहे। बता दें कि 20 जून को माता परमेश्वरी देवी जी का देहांत हो गया था।*

# हरियाणा के 12 विधायकों का दल बोस्टन में सम्मेलन के लिए रवाना, यात्रा का खर्च खुद ही उठाना होगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा सदस्य नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ स्टेट लेजिस्लेचर्स (एनसीएसएल) सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका बोस्टन के लिए रवाना हो गए। खास बात इस बार यह है कि इन सभी विधायकों को सम्मेलन और यात्रा आदि का खर्च खुद ही उठाना होगा। जानकारी अनुसार रविवार को बोस्टन के लिए सभी रवाना हुए। बताया गया है कि तड़के 3 बजे दिल्ली इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से फ्लाइट थी। विधायकी सम्मेलन अमेरिका के बोस्टन में 4 अगस्त से शुरू होने जा रहा है। इस बारे में हरियाणा विस स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने भी जानकारी दी थी। साथ ही अपने खर्च पर जाने वाले विधायकों के नाम भी मांगे गए थे।

बताया गया है कि इस क्रम में 12 विधायकों ने नाम दिए थे, यह भी बताया जा रहा है कि 6 अगस्त तक यह सम्मेलन चलेगा। नेशनल लेजिस्लेचर कॉन्फ्रेंस भारत की ओर से विधायकी सम्मेलन रखा है। यह संस्था इस तरह के सम्मेलन करवा चुकी है। सम्मेलन में पूरी दुनिया के विधायकहिस्सा लेंगे। भारत से सबसे ज्यादा 24 राज्यों के 21 विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के 130 विधायकों ने निमंत्रण स्वीकार किया था। जिसमें हरियाणा की ओर से 12 विधायक हैं। कार्यक्रम के लिए एलएनसीबी ने हरियाणा विधानसभा को निमंत्रण दिया था, जिसमें भाजपा , कांग्रेस, इनेलो सहित 12 ने निमंत्रण को स्वीकार किया।

तीन दिवसीय सम्मेलन 6 अगस्त को समाप्त होगा। हरियाणा के सभी विधायक 20 अगस्त को घूमने फिरने के बाद में स्वदेश लौटेंगे।

### कांग्रेस, भाजपा, इनेलो सभी दलों के एमएलए लेंगे सम्मेलन में हिस्सा

बोस्टन जाने वाले विधायकों में कांग्रेस के 7 विधायक हैं। अशोक अरोड़ा थानेसर, आफताब अहमद (मेवात), भारत भूषण बत्रा (रोहतक), अकरम खान (जगाधरी), इंदूराज नरवाल (बरौदा), आदित्य सुरजेवाला कैथल और बलराम दांगी (महम) एक साथ रवाना हुए। भाजपा और इनेलो विधायक भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। भाजपा की ओर से सोनीपत के निखिल मदान, रेवाड़ी से अनिल राव और पूंडरी से सतपाल जांबा, डबवाली इनेलो के आदित्य देवीलाल और गन्नौर निर्दलीय विधायक देवेंद्र कादियान शामिल हैं। सम्मेलन का मकसद विधायकों की क्षमता निर्माण और वैश्विक लोकतांत्रिक संवाद को बढ़ावा देता है। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल डेमोक्रेसी, साइबर सुरक्षा, वोटर विश्वास, शिक्षा, सेहत और अन्य कई मुद्दों पर चर्चा होगी।

## जियो फेसिंग का विरोध, आज काम छोड़ प्रदर्शन करेंगे कर्मचारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

लोकेशन आधारित जियो फेसिंग हाजरी के विरोध चार अगस्त को हरियाणा के सभी जिलों में सिविल सर्जन कार्यलयों पर स्वास्थ्य विभाग हरियाणा के सभी श्रेणी के अधिकारी और कर्मचारी एक घंटे काम बंद करेंगें व गेट मीटिंग कर विरोध प्रदर्शन करेंगे बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन हरियाणा की राज्य प्रधान शर्मिला ने 4 अगस्त के काम छोड़ो आंदोलन की तैयारी की समीक्षा के लिए की राज्य कमेटी की जूम मीटिंग के बाद प्रेस को दिए बयान में दी। राज्य प्रधान शर्मिला ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग अधिकारी कर्मचारी तालमेल कमेटी हरियाणा के आह्वान पर निजता और गोपनीयता को हनन करने वाली लोकेशन आधारित हाजरी व्यवस्था को बंद करवाने के लिए पूरे हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग का अधिकारी व कर्मचारी एक मंच पर आकर आंदोलन करने को मजबूर है।आज की बैठक में सोमवार के आंदोलन के लिए सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है।

### ध्यान नहीं दे रही सरकार

महासचिव सहदेव आर्य सांगवान ने बताया कि पिछले दो महीने से स्वास्थ्य मंत्री व उच्च अधिकारियों से ज्ञापन के माध्यम व मिलकर जियो फेंसिंग हाजरी को बंद करने की अपील की जा चुकी है लेकिन सरकार हठधर्मिता पर अड़ी है जिसका जवाब 4 अगस्त को काम बंद कर कर दिया जाएगा।

## कलेक्टर रेट बढ़ाने से जनता पर 5,000 करोड़ का बोझ : रणदीप

**चंडीगढ़।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भाजपा सरकार व मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा जनता पर



कलेक्टर रेट की मार से जनता का पैसा गायब करके वसूली करने का आरोप लगाया। रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा ने जनता पर कलेक्टर रेट बढ़ोत्तरी से 5,000 करोड़ का बोझ डाल दिया है। जमीन, घर, फ्लैट महंगे कर दिए। रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि सरकार ने 11 साल में संपन्न हरियाणा को कंगाली का कबूतर बनाकर रख दिया है।

## इलेक्ट्रिक वाहन सस्ते होंगे, कार पर 6 लाख, टू-व्हीलर पर 15 हजार तक छूट मिलेगी, सरकार सब्सिडी देगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़

प्रदेश के लोगों को इलेक्ट्रिक वाहन वाहनों की खरीद पर फिर से छूट देने की तैयारी है। उद्योग-वाणिज्य एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 40 लाख रुपये तक के वाहनों को दोबारा सब्सिडी के दायरे में लाया जाए। खासकर दोपहिया वाहनों की खरीद पर कम से कम 15 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाए, ताकि मध्यम वर्गीय लोगों को इसका फायदा मिल सके। अगर सरकार यह स्कीम लागू कर देती है तो 2 पहिया इलेक्ट्रिक वाहन पर कम से कम 15 हजार और कार पर डेढ़ लाख से 6 लाख रुपये तक का फायदा हो सकता है। हरियाणा से सटे दिल्ली में 15 प्रतिशत की छूट



मिलती है, इसलिए अधिकतर लोग दिल्ली में अपना वाहन रजिस्ट्रेशन करवाते हैं, जिससे हरियाणा सरकार को राजस्व का नुकसान होता है। हरियाणा में सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक वाहन गुरुग्राम में रजिस्टर्ड हैं। मंत्री राव नरबीर सिंह ने बताया कि इलेक्ट्रिक वाहन पर सब्सिडी को दोबारा बहाल करना जरूरी है, ताकि पर्यावरण हितैषी परिवहन को बढ़ावा मिले। उद्योग मंत्री राव नरबीर के मुताबिक इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक नीतिगत निर्णय तत्काल प्रभाव से लेने के निर्देश दिए गए हैं। अगले कुछ दिनों में इसे लागू किया जा सकता है। अभी हरियाणा में मैन्युफैक्चरर को 5 हजार रुपए प्रति वाहन रिफंड सरकार की तरफ से मिलता है। प्रस्तावित नई पॉलिसी में इसे 5 प्रतिशत तक करने का प्रावधान है। उपभोक्ता को 5 हजार रुपये सस्ता वाहन और रोड टैक्स और रजिस्ट्रेशन में छूट मिलती थी।

## नौकरी पर तलवार, बीजेपी को वोट देकर पछता रहे कौशल कर्मी : हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हुड्डा ने कहा कि सरकारी स्कूलों के बच्चों को टैब योजना की तरह इस सरकार ने खुद की चलाई आयुष्मान योजना को भी खेल बनाकर रख दिया है। यही सलूक फसल बीमा योजना और



कौशल रोजगार निगम के साथ हुआ है। क्योंकि विधानसभा चुनाव के दौरान बीजेपी ने जमकर झूठ फैलाया कि सरकार ने कौशल निगम के तहत आने वाले सभी सवा लाख कर्मचारियों को पक्का कर दिया है। अब उन्हें रिटायरमेंट तक कोई नौकरी से नहीं निकल पाएगा।

### ऊर्जा मंत्री ने लगाई बिजली निगम वित्त विभाग के फैसले पर ब्रेक

# विज ने विशेष बैंक से मोटा ऋण लेने के प्रस्ताव पर मांग लिया जवाब, एजेंडा टला

- इक्का दुक्का बैंकों से ही ऋण लेने और बाकी कामकाज को लेकर मंत्री करेंगे पड़ताल

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

सूबे के ऊर्जा और श्रम, परिवहन मंत्री अनिल विज ने बिजली कंपनियों के साथ-साथ में अपने बाकी विभागों में भी बिना विकल्पों पर विचार किए इक्का दुक्का बैंकों के साथ लेनदेन का काम करने वाले अफसरों को इस संबंध में फैसला लेने से पहले सभी विकल्प खुले रखने के आदेश जारी किए हैं। खासतौर पर बिजली कंपनियों डिस्कॉम को करोड़ों की राशि के ऋणों की जरुरत होती है।

इसी तरह का लोन का मामला इस बार की केबिनेट बैठक में आने वाला था, जिसमें बड़े लोन की डिमांड संबंधी फाइल पर एक ही बैंक का नाम लिखा गया था, इस बारे में जब मंत्री विज ने पूछताछ की, तो अफसरों का तर्क था कि सभी बैंकों की ब्याज दर इसी तरह की है। इसपर मंत्री ने सभी विकल्प खुले रखने व बाकी बैंकों से भी इस बारे में कोटेशन मंगाए जाने की प्रक्रिया अपनाने के लिए कहा है। भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि एक अगस्त को होने वाली बैठक में डिस्कॉम को लोन संबंधी प्रस्ताव भी आना था लेकिन एक ही बैंक की संस्तुति करना ठीक नहीं मानते हुए मंत्री ने इस पर वीटो पावर का इस्तेमाल किया और अन्य विकल्पों पर भी विचार करने को कहा है।

### अनिल विज बोले- बैंकिंग का पूरा अनुभव

हरियाणा परिवहन, श्रम और ऊर्जा विभाग संभाल रहे मंत्री अनिल



विज ने साफ कर दिया है कि सियासत में आने के पहले तक वे बैंकिंग सेक्टर में काम करते रहे हैं, इसलिए उनको पूरा अनुभव है। अधिकारी और कर्मचारी इस बात को अच्छी तरह से समझ लें, क्योंकि वे इस क्षेत्र का अनुभव रखते हैं। विज ने कहा कि ऊर्जा विभाग की सभी कंपनियों के साथ साथ में परिवहन विभाग और श्रम विभाग के अफसरों के साथ भी इस विषय पर विचार मंथन करेंगे।

### कुछ बैंकों पर ही फोकस क्यों

मंत्री ने आला अफसरों को साफ कर दिया है कि इक्का दुक्का बैंकों से ऋण लेने अथवा उनको खाते देने के मामले में कोटेशन मंगाकर पारदर्शी तरीके से काम करना चाहिए लेकिन कुछ लोग इसमें लापरवाही और अपने कुछ छिपे हुए एजेंडों को लेकर काम करते हैं, जिसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने इस बारे में जांच पड़ताल के बाद ही कोई भी फैसला लेने के लिए कहा है।

## भ्रूण हत्या पर आशा वर्कर्स चलाएंगी जागरूकता अभियान : सुरेखा

**चंडीगढ़।** आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा ने राज्य में लगातार गिरते लिंगानुपात पर गहरी चिंता जताई है और इसमें सुधार के लिए शानदार पहल करते हुए कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ प्रदेश भर में व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का फैसला लिया है। फैसले की चौतरफा प्रशंसा भी हो रही है, क्योंकि अभी तक आशा वर्कर यूनियन की पहचान अपनी मांगों को लेकर लंबी-लंबी हड़ताल, धरने प्रदर्शन करने की रही है और अब समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए सामाजिक बुराई के खिलाफ सकारात्मक पहल करने का फैसला लिया है। आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा राज्य महासचिव सुरेखा और राज्य प्रधान सुनीता ने बताया कि पिछले कुछ सालों से हरियाणा में लिंगानुपात लगातार नीचे गिरता जा रहा है। हरियाणा में लंबे समय से लिंगानुपात कम रहने की समस्या रही है।

## 17 सितंबर को होगा महाराजा अग्रसेन भवन का लोकार्पण

**पंचकूला।** महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में महाराजा अग्रसेन भवन का लोकार्पण व भव्य अग्र भागवत कथा का आयोजन 17, 18, 19 सितम्बर को सेक्टर 20 में आयोजित किया जाएगा। इस भव्य आयोजन को लेकर एक बैठक महापौर एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष कुलभूषण गोयल की अध्यक्षता में हुई। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, सनसिटी परिक्रमा, काली माता मंदिर, बैकुंठ धाम व अन्य सहयोगी संस्थाओं द्वारा कराया जाएगा। इस आयोजन के लिए आज सनसिटी में आयोजित मीटिंग में इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई।

RAMANUJAN COLLEGE OF MANAGEMENT
Village Mitrol, Distt. Palwal-121105, Haryana
www.ramanujan.edu.in Email: info@ramanujan.edu.in
Institute invites applications for the following positions on regular basis :
MBA Teaching Staff: DIRECTOR-1, PROFESSOR-1, ASSOCIATE PROF.- 02 & ASSISTANT PROF.- 04
BBA Teaching Staff: ASSISTANT PROF.- 06
Non-Teaching Staff: Admin. Officer-01, Librarian-01, Lab. Attendant-01, Clerk-cum-Typist-01, Office Assistant-cum Accountant-01, Library Attendant-01, Peon-03, Mali-01, Chowkidar-01 & Safai Karamchari-01
Qualifications, Pay Scales, Experience as per AICTE/ UGC/ STATE GOVT / MDU Rohtak norms.
Interested candidates may download the application form from the website of the college www.ramanjan.edu.in or obtain from the office of the college on any working day & send application form to the Chairman of the institute duly completed alongwith visible copy of all testimonials (DMCs), Experience certificate etc. by Registered post or by hand within 21days 25th August, 2025. A copy of application form alongwith all testimonials must be sent to the DCDC, M D University, Rohtak.
Note: Only eligible candidates / applicants whose application form is / are received in the Institute as well as in the office of the DCDC, MDU in due date will be called for the interview.
CHAIRMAN

रोहतक

सोमवार, 4 अगस्त 2025

श्रावण मास शुक्ल पक्ष, दशमी वर्ष : 29, अंक : 185

पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**

अधि. 35.2

न्यून. 22.2

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



5 नेशनल बैंक ओपन : विक्टोरिया ने कोको गॉफ को हराकर किया उलटफेर

## खबर संक्षेप

### गडकरी को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के नागपुर स्थित आवास को बम से उड़ाने की धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति ने सुबह शहर के पुलिस नियंत्रण कक्ष के आपातकालीन नंबर 112 पर फोन करके धमकी दी।जांच के दौरान पुलिस ने उस मोबाइल नंबर का पता लगाया जिससे फोन किया गया था। भाषा

### नीट-पीजी: 2,42,000 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

**नई दिल्ली।** देश में 2,42,000 से ज़्यादा अभ्यर्थी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) में शामिल हुए। यह परीक्षा विभिन्न स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) द्वारा आयोजित की जाती है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि परीक्षा एक ही पाली में 301 शहरों के 1,052 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। भाषा

### रेप केस में उम्रकैद के बाद रेवन्ना कैदी नंबर 15528



**बेंगलुरु।** रेप के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के एक दिन बाद जनता दल (सेक्युलर) के नेता प्रज्वल रेवन्ना को बेंगलुरु के परप्पना अग्रहारा केंद्रीय कारागार में कैदी नंबर 15528 दिया गया। जेल अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। भाषा

### आरबीआई रेपो दर को रख सकता है यथावत : विशेषज्ञ

**मुंबई।** आरबीआई बुधवार को अपनी आगामी द्विमासिक मौद्रिक नीति में प्रमुख अल्पकालिक उधारी दर को लगातार तीन कटौतियों के बाद 5.5 प्रतिशत पर यथावत रख सकता है। विशेषज्ञों का यह कहना है। हालांकि, अमेरिका में शुल्क की बढ़ती अनिश्चितताओं व मुद्रास्फीति के कम होते रुझानों के मद्देनज़र निकट भविष्य में आर्थिक वृद्धि के लिए प्रतिकूल परिस्थितियां हैं। भाषा

### तकनीकी खराबी के चलते एआई की उड़ान रद्द

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने तकनीकी खराबी के कारण सिंगापुर से चेन्नई जाने वाली अपनी उड़ान रद्द कर दी। एयरलाइन ने कहा कि सिंगापुर से चेन्नई जाने वाली उड़ान संख्या एआई349 को मेंटेनेंस चलते रद्द कर दिया है। एयर इंडिया ने कहा-यात्रियों के लिए जल्द से जल्द दूसरी फ्लाइट की व्यवस्था की जा रही है। होटल में ठहरने की व्यवस्था की गई है और कैंसिलेशन पर पूरा रिफंड दिया जाएगा। एजेंसी

# सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप : महिला टीम की कुल 10 खिलाड़ियों में 8 हरियाणा की, क्रोएशिया में दिखाएंगी दांव-पेंच

दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में हुए ट्रायल, दो पहलवान दिल्ली और महाराष्ट्र की, 13 से 21 सितंबर तक होगी चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

क्रोएशिया में 13 से 21 सितंबर तक होने वाली सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए रविवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में ट्रायल आयोजित किए गए। चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए 10 महिला पहलवानों को चुना गया। इस बार भी भारतीय महिला कुश्ती में हरियाणा का दबदबा बरकरार रहा। सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए चुनी गई भारतीय महिला टीम की कुल 10 खिलाड़ियों में 8 हरियाणा की हैं, जबकि एक दिल्ली और एक महाराष्ट्र की पहलवान शामिल हैं।

**ये खिलाड़ी खेलेंगी चैंपियनशिप**

| नाम | भार वर्ग | राज्य |
|---|---|---|
| अंकुश | 50 किलोग्राम | हरियाणा |
| अंतिम | 53 किलोग्राम | हरियाणा |
| नीशू | 55 किलोग्राम | हरियाणा |
| तपस्या | 57 किलोग्राम | दिल्ली |
| नेहा | 59 किलोग्राम | हरियाणा |
| मनीषा | 62 किलोग्राम | हरियाणा |
| वैष्णवी पाटिल | 65 किलोग्राम | महाराष्ट्र |
| राधिका | 68 किलोग्राम | हरियाणा |
| ज्योति बेरवाल | 72 किलोग्राम | हरियाणा |
| प्रिया | 76 किलोग्राम | हरियाणा |



**बहादुरगढ़।** ट्रायल के बाद चुनी गई पहलवानों के साथ कुश्ती संघ के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

**महिला कुश्ती टीम का चयन**

रविवार को दिल्ली में हुए ट्रायल के दौरान भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह, अध्यक्ष संजय सिंह, कोषाध्यक्ष एसपी देशवाल, उपाध्यक्ष जयप्रकाश पहलवान, चयन समिति अध्यक्ष योगेश्वर दत्त, गीतिका जाखड़ और चीफ कोच वीरेंद्र दहिया मौजूद रहे। हरियाणा कुश्ती संघ के महासचिव डॉ. राकेश सांगवान ने बताया कि सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप 13 से 21 सितंबर तक क्रोएशिया में आयोजित की जाएगी। इसके लिए ट्रायल में सीनियर महिला कुश्ती टीम का चयन कर लिया गया।

# बिहार में 'पहचान' पर घमासान फर्जी आईडी दिखा घिरे तेजस्वी

**निर्वाचन आयोग ने तेजस्वी को थमाया नोटिस, दो वोटर कार्ड रखने के मामले में जवाब तलब किया**

**आयोग बोला, जो ईपीआईसी नंबर दिखाया, उसकी जांच होगी, यादव बोले-मेरा ईपीआईसी नंबर बदला**

**जिला मजिस्ट्रेट ने राजद नेता का दावा खारिज किया भाजपा व राजग ने तेजस्वी के दावे पर उठाए सवाल**

भाषा ▶▶| पटना

बिहार में चुनाव से पहले 'पहचान' पर घमासान तेज हो गया है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव कथित फर्जी मतदाता पहचान पत्र दिखाकर घिर गए है। राजग और भाजपा ने जहां यादव पर तीखा हमला बोला, वहीं निर्वाचन आयोग ने रविवार को राजद नेता तेजस्वी से उस मतदाता पहचान पत्र को जांच के लिए सौंपने को कहा, जिसके बारे में उन्होंने दावा किया था कि वह उनके पास है, जबकि वह आधिकारिक रूप से जारी नहीं किया गया था। तेजस्वी ने शनिवार को दावा किया कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित 'मसौदा मतदाता सूची' में उनका नाम नहीं है। एक प्रेस वार्ता के दौरान, पूर्व उपमुख्यमंत्री यादव ने अपने फोन को एक बड़ी स्क्रीन से जोड़ा और ऑनलाइन अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबर खोजने की कोशिश की, जिससे परिणाम आया कि 'कोई रिकॉर्ड नहीं मिला'। संबंधित अधिकारियों द्वारा खंडन किए जाने पर उन्होंने आरोप लगाया कि उनका मतदाता पहचान पत्र नंबर बदला हुआ था।

### ईपीआईसी की मूल प्रति हमें सौंपें तेजस्वी

इसके बाद निर्वाचन आयोग ने पूर्व उपमुख्यमंत्री को नोटिस जारी किया। उनको संबोधित एक पत्र में पटना सदर के अनुविभागीय मजिस्ट्रेट सह दीघा विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी ने कहा, हमारी प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि दो अगस्त को प्रेस कॉन्फ्रेंस में आपने जिस ईपीआईसी नंबर का जिक्र किया था, वह आधिकारिक तौर पर जारी नहीं किया गया था। इसलिए आपसे अनुरोध है कि विस्तृत जांच के लिए ईपीआईसी कार्ड की मूल प्रति हमें सौंप दें।







**राजद नेता के आरोप :** राजद नेता ने आरोप लगाया कि उनका ईपीआईसी नंबर बदल दिया गया है, लेकिन जिला मजिस्ट्रेट त्यागराज एस एम ने इस दावे को खारिज कर दिया। जिलाधिकारी ने कहा, मतदाता सूची में ईपीआईसी नंबर वही है जो विपक्ष के माननीय नेता ने 2020 के विधानसभा चुनावों में अपने हलफनामे में प्रस्तुत किया था। यदि उनके पास किसी अन्य नंबर वाला कोई अन्य ईपीआईसी कार्ड भी है, तो यह जांच का विषय है।

### चुनाव आयोग को लेकर जनता में संदेह : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के उप नेता और कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि विपक्ष चाहता है कि मतदाता सूची में संशोधन को लेकर संसद में खुलकर चर्चा हो, लेकिन सरकार इसे टाल रही है। आज जनता के मन में चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर संदेह है। सरकार इस पर चर्चा से क्यों भाग रही है? क्या यह बीते विधानसभा और लोकसभा चुनावों में की गई किसी गड़बड़ी को छिपाने की कोशिश है?

### राजग ने कहा, दो ईपीआईसी रखने पर मुकदमा दर्ज हो

राज्य में सत्तारूढ़ राजग प्रवक्ता अजय आलोक (भाजपा), नीरज कुमार (जदयू) और राजेश भट्ट (लोजपा रामविलास) सहित अन्य ने यादव पर दो ईपीआईसी कार्ड रखने के लिए मुकदमा दर्ज करने की मांग की। राजग पदाधिकारियों ने कटाक्ष करते हुए कहा कि वे उनके (तेजस्वी के) गठबंधन सहयोगी राहुल गांधी से जानना चाहते हैं कि क्या राजद नेता द्वारा की गई यह "धोखाधड़ी" वह "परमाणु बम" है, जिससे वह निर्वाचन आयोग को धमकी दे रहे थे।

### बूथ लूटने वालों के दो दो आई कार्ड : भाजपा

भाजपा सांसद व प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने सवाल उठाया कि तेजस्वी के दो वोटर कार्ड कैसे बन गए? एसआईआर का विरोध कर रही कांग्रेस को भी आड़े हाथों लेते हुए सवाल उठाया कि जब राजद के बड़े नेता दो-दो एपिक नंबर दिखा रहे हैं तो क्या बूथ लूटने वाले कांग्रेस और राजद के लोगों ने भी दो-दो वोटर आईडी कार्ड बनवा रखे हैं? तेजस्वी ने चुनाव आयोग की इलेक्टोरल रोल में उनका नाम न होने को लेकर झूठ बोला, उसका पर्दाफाश हो चुका है।

### भाजपा के तीखे सवाल

- तेजस्वी यादव के पास दो एपिक नंबर कैसे हैं?
- कौन सा सही है? क्या उन्होंने जानबूझकर भ्रम फैलाने के लिए गलत नंबर पढ़ा? या फिर उनका इरादा कुछ और था?
- क्या तेजस्वी के पास दो वोटर आईडी कार्ड हैं?
- यही वजह है कि वे एसआईआर से डरे हुए हैं?
- राजनीतिक दलों के 1,50,000 बीएलए में से एक भी शिकायत लेकर नहीं गया।
- 3223 नए नाम जोड़ने के लिए आवेदन जरूर किए गए हैं, लेकिन किसी ने ये नहीं कहा कि मेरा या मेरे परिवार का नाम हटा दिया है।

# ले. कर्नल ने स्पाइसजेट के 4 कर्मियों को पीटा, एक की रीढ़ की हड्डी तो दूसरे का जबड़ा टूटा

**तीसरे के नाक से खून आया, चौथा बेहोश हुआ**

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर एयरपोर्ट पर एक्स्ट्रा लगेज को लेकर सेना के एक अधिकारी ने स्पाइसजेट के चार कर्मचारियों के साथ मारपीट की। एक कर्मचारी की रीढ़ की हड्डी टूट गई। दूसरे का जबड़ा टूट गया। तीसरे की नाक से खून निकलने लगा। वहीं, चौथा कर्मचारी बेहोश हो गया, उसके बावजूद आरोपित लातें मारता रहा। घटना 26 जुलाई की है। मामला अब सामने आया है। एयरलाइन ने बयान जारी करते हुए कहा कि आरोपित सैन्य अधिकारी को नो फ्लाइंग लिस्ट में डाल दिया है। वहीं, सेना ने बयान जारी करते हुए कहा कि भारतीय सेना अनुशासन और आचरण के मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। मामले की जांच में अधिकारियों को पूरा सहयोग दिया जा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपित अफसर की पहचान लेफ्टिनेंट कर्नल रितेश कुमार सिंह के रूप में हुई है। वह गुलमर्ग स्थित हाई एल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल (एचएडब्ल्यूएस) में तैनात है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। हालांकि अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है।

**श्रीनगर में वारदात**

**बेहोश हुए कर्मियों को लातों से मारता रहा सैन्य अफसर**

**एयरलाइन ने सैन्य अधिकारी को नो फ्लाइंग लिस्ट में डाला**

### यह है पूरा मामला

26 जुलाई को स्पाइसजेट फ्लाइट श्रीनगर से दिल्ली जा रही थी। बोर्डिंग गेट पर एक पैसेंजर, जो सेना का अधिकारी है, उसने चार स्टॉफ पर जानलेवा हमला कर दिया। एयरलाइन के मुताबिक, आरोपी अधिकारी दो केबिन बैगेज ले जा रहा था, जिनका कुल वजन 16 किलो था। यह 7 किलो की सीमा से दोगुना था। स्पाइसजेट के स्टॉफ ने पैसेंजर को बताया कि आपका लगेज तय मानकों से ज्यादा है। इसलिए आपको अतिरिक्त पेमेंट करना होगा। इस पर अधिकारी ने हंगामा कर दिया और एयरलाइन के चार कर्मचारियों के साथ मारपीट की।

### नागरिक उड्डयन मंत्रालय को भी लेटर भेजा गया

स्पाइसजेट ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को पत्र लिखकर अपने कर्मचारियों पर हुए जानलेवा हमले की जानकारी दी है और यात्री के खिलाफ उचित कार्रवाई का अनुरोध किया है। एयरलाइन ने हवाई अड्डे के अधिकारियों से घटना का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंप दिया है।

# दवा कंपनियों की मनमानी पर रोक 35 दवाओं की कीमतों में कटौती

**पुरानी बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को बड़ी राहत**

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** मरीजों के लिए दवाओं को और किफायती बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने प्रमुख दवा कंपनियों की ओर से बेची जाने वाली 35 आवश्यक दवाओं की खुदरा कीमतों में कमी की है। इससे उपभोक्ताओं खासकर पुरानी बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। कम कीमत वाली दवाओं में सूजन-रोधी, हृदय रोग-संबंधी, एंटीबायोटिक, मधुमेह-रोधी और मानसिक रोगों से जुड़ी दवाओं सहित कई तरह की दवाएं शामिल हैं। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने एनपीपीए द्वारा मूल्य विनियमन के आधार पर इस आदेश को अधिसूचित कर दिया गया है।

## कस्टम अधीक्षक को 10.20 लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोचा

**सीबीआई ने की भ्रष्टाचार मामले में कार्रवाई**

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** सीबीआई ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए सहार एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स, मुंबई में तैनात सीमा शुल्क अधीक्षक को 10.20 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम कृष्ण कुमार बताया गया है। आरोप है कि सीमा शुल्क अधीक्षक कृष्ण कुमार आयात निर्यात संबंधित कार्यों में लाभ पहुंचाने की एवज में व्यवसायियों से रिश्वत की मांग कर रहे थे। सूत्रों के अनुसार, एक शिकायतकर्ता ने सीबीआई से संपर्क कर जानकारी दी कि आरोपी अधिकारी कस्टम क्लियरेंस के बदले मोटी रकम की मांग कर रहा है। प्राथमिक जांच और शिकायत की पुष्टि के बाद सीबीआई ने जाल बिछाया और आरोपी को रंगे हाथों 10.20 लाख की नकद रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि सहार एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स, मुंबई का एक प्रमुख आयात-निर्यात केंद्र है, जहाँ से देश में भारी मात्रा में माल का आवागमन होता है।

# 7 घंटे फ्री फायर गेम खेला, 4 घंटे यूट्यूब चलाया, फिर फंदा लगा बच्चे ने दी जान

**अलर्ट : बच्चों का रखें ध्यान, मोटिवेट करें फोन से दूर रखें**

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** नांगलोई इलाके में एक 10 साल के बच्चे ने 31 जुलाई को आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने रविवार को बताया कि बच्चा एमसीडी स्कूल में पढ़ता था और मोबाइल गेम्स का आदी था। वह अपने माता-पिता के साथ अंबिका विहार कॉलोनी में रहता था। दोनों माता-पिता नौकरी करते हैं।पुलिस के मुताबिक, बच्चा करीब 10-11 घंटे तक मोबाइल पर एक्टिव था। उसने लगातार 7 घंटे तक फ्री फायर गेम खेला और करीब 4 घंटे यूट्यूब देखा। इसके बाद फंदा लगाकर जान दे दी।

**घर में पाइप से लटका मिला शव**

**दिल्ली में 10 साल का छात्र मोबाइल गेम्स का आदी था, 10 से 11 घंटे प्रतिदिन देखता था मोबाइल, माता-पिता करते हैं नौकरी**

बताया जा रहा है कि 31 जुलाई को भारी बारिश के कारण बच्चा स्कूल नहीं गया था और माता-पिता उसे घर पर छोड़कर काम पर चले गए थे। शाम को जब वे लौटे तो उन्होंने बेटे का शव लोहे की पाइप से लटका मिला।

### पिता का आरोप, बेटे की हुई हत्या

पिता का कहना है कि उनके बेटे की किसी ने हत्या की है और इसे आत्महत्या का रूप दिया है। उनके मुताबिक करीब 10 फीट की ऊंचाई पर फंदा था। बच्चा वहां तक पहुंच ही नहीं सकता था। पुलिस इस एंगल से भी मामले की जांच कर रही है।

### बच्चों का ध्यान रखें अभिभावक

पुलिस का कहना है कि लोगों को खासकर कामकाजी दंपति को बच्चों का ध्यान रखना चाहिए। मोबाइल के कारण बच्चे तनाव में आ रहे हैं। इससे बच्चों को बचाना जरूरी है। बच्चों के साथ दोस्ताना व्यवहार रखें। उनके साथ खेलें और मोबाइल से दूर रखें।

# यूपी : कार नहर में गिरने से परिवार के 9 लोगों समेत 11 की जान गई

**गोंडा (भाषा)।** उत्तर प्रदेश में गोंडा जिले के इटियाथोक क्षेत्र में रविवार को एक एसयूवी के सरयू नहर में गिरने से एक ही परिवार के नौ लोगों समेत 11 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। गोंडा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) विनीत जायसवाल ने बताया कि इस हादसे में मरने वाले श्रद्धालुओं में छह महिलाएं, दो पुरुष और तीन बच्चे शामिल हैं। इस बीच, प्रदेश के मुख यमंत्री योगी आदित यनाथ ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनके समुचित उपचार की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

**गाड़ी में छटपटाते रहे, बाहर नहीं निकल पाए**

●

**छह महिलाएं, दो पुरुष और तीन बच्चे शामिल**



### पृथ्वीनाथ मंदिर जा रहे थे

इटियाथोक थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि एसयूवी में सवार श्रद्धालु मोतीगंज थाना क्षेत्र के सीहागांव गांव से खरगूपुर स्थित प्रसिद्ध पृथ्वीनाथ मंदिर में पवित्र जल चढ़ाने जा रहे थे तभी बेलवा बहुता के पास यह दुर्घटना हुई। एसयूवी में चालक सहित कुल 15 लोग सवार थे, वाहन सड़क से फिसलकर नहर में पलट गया। डूबे हुए वाहन से महिलाओं, पुरुषों और बच्चों सहित 11 शव निकाले गए। चार अन्य यात्रियों को बचा लिया गया है।

**राहत** प्रमुख अर्थशास्त्री भानुमूर्ति बोले, भारत तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था

# भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक आकर्षक स्थल, ट्रंप का दावा गलत

**भारत में सभी मानदंड मजबूत अर्थव्यवस्था का दे रहे संकेत**

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक आकर्षक स्थल है और पिछले तीन साल से सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का भारत की अर्थव्यवस्था को 'मृत' बताना 'बिल्कुल गलत' है। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और मद्रास स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स के निदेशक एन आर भानुमूर्ति ने रविवार को यह कहा। उन्होंने बताया कि दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के उलट, भारतीय अर्थव्यवस्था काफी हद तक घरेलू कारकों पर आधारित है। विशाल घरेलू बाजार और बढ़ते डिजिटल बाजार के साथ, अनिश्चित वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों के कारण वृद्धि के मोर्चे पर जोखिम सीमित है। उल्लेखनीय है कि भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क और रूस के साथ व्यापार करने को लेकर 'जुर्माना' लगाने की घोषणा के बाद ट्रंप ने पिछले सप्ताह एक सोशल मीडिया मंच पर लिखा, 'मुझे परवाह नहीं है कि भारत, रूस के साथ क्या करता है। मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे अपनी 'मृत अर्थव्यवस्थाओं' को एक साथ कैसे नीचे ले जा सकते हैं।'



### क्या कहते हैं आंकड़े

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार जून में खुदरा मुद्रास्फीति छह साल के निचले स्तर 2.10% रही। यह भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर (चार प्रतिशत) से कम है। वहीं चालू खाते का घाटा बीते वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी का 0.6% रहा। इसी प्रकार, 25 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.70 अरब डॉलर बढ़कर 698.19 अरब डॉलर पहुंच गया। विशाल घरेलू बाजार और डिजिटल बाजार बढ़ रहा है।

### कई देशों के साथ व्यापारिक संबंध बढ़ाए

अर्थव्यवस्थाओं में आर्थिक स्थिरता के मामले में भारत को शीर्ष पर होना चाहिए। भारत ने कई देशों के साथ व्यापारिक संबंध बढ़ाए हैं और वैश्विक दक्षिण की एक मजबूत आवाज भी बना है। लेकिन अगर उसे सालाना छह से सात प्रतिशत की दर से बढ़ना है, तो उसे अभी भी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर निर्भर रहना होगा। वैश्विक वृद्धि के अभाव में, हम शायद केवल पांच से छह प्रतिशत की दर से ही वृद्धि कर पाएंगे।"

### लगातार बढ़ रहा भारत

भानुमूर्ति ने कहा, 'अमेरिकी राष्ट्रपति का बयान बिल्कुल गलत है। अगर वैश्विक अर्थव्यवस्था को देखें, तो भारत निश्चित रूप से संकटग्रस्त वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक 'आकर्षक स्थल' है। पिछले तीन वर्षों से भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है, जिसकी मुद्रास्फीति दर तीन प्रतिशत से भी कम है। अन्य सभी मानदंड जैसे चालू खाता घाटा (कैड), सार्वजनिक ऋण, विदेशी मुद्रा भंडार, सभी एक मजबूत अर्थव्यवस्था का संकेत दे रहे हैं।' 'अत्यधिक गरीबी लगभग समाप्त हो जाने के साथ, हम जल्द ही चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। इसी तरह, आप जिस भी आर्थिक मानदंड पर नजर डालें, भारत कमजोर स्थिति में नहीं नजर आता है।'

# सिरसा में बेकाबू रोडवेज बस खेतों में पलटी चालक- परिचालक सहित 15 यात्री घायल

■सामने से आ रही तेज रफ्तार बस को बचाने के चक्कर में हादसा

हरिभूमि न्यूज. सिरसा

हरियाणा रोडवेज सिरसा डिपो की एक रोडवेज बस गांव बणी-करीवाला के बीच रविवार को अनियंत्रित होकर खेतों में पलट गई। हादसा होते ही बस में सवार यात्रियों की चीख-पुकार मच गई। हालांकि बस में सवार सभी यात्री सकुशल बच गए हैं। मामूली रूप से चोटिल यात्रियों को अस्पताल में पहुंचाया गया, जहां मरहम पट्टी के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई है।

■ इलाज के बाद घायलों को अस्पताल से छुट्टी मिली

■ बणी से सिरसा की तरफ आ रही थी बस

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सवारियों को बस से निकाल कर रानियां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि हादसे में करीब 15 सवारियां को चोटें आई हैं और मामूली रूप से बस चालक व परिचालक भी चोटिल हुए हैं। जानकारी के अनुसार सिरसा रोडवेज की बस गांव बणी की तरफ से सिरसा आ रही थी। बस बणी से करीवाला मार्ग पर जा रही थी। गांव करीवाला से भी बस में सवारियां चढ़ी। कुछ ही दूरी पर सामने से एक बस आई जिसकी गति तेज थी। रोडवेज चालक विनोद ने उसे बचाने का प्रयास कि तो बस बेकाबू होकर खेतों में पलट गई। बस के पलटते ही चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग दौड़ कर मौके पर आए और बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर रोडवेज विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। सभी घायलों को रानियां के सामुदायिक केंद्र में पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। हादसे के बाद रोडवेज बस में सवार अन्य यात्रियों को दूसरी बस में बैठाकर उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया। हालांकि इस हादसे में दोनों बसों के आगे के शीशे टूट गए हैं।



सिरसा। बणी-करीवाला के बीच खेतों में पलटी रोडवेज बस।

### ग्रामीण बोले-सड़क जर्जर, इसलिए हादसा

स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के बाद सड़क की हालत खस्ता है और जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं। सड़क की चौड़ाई भी कम है, जिस कारण हादसे होते हैं। उन्होंने संबंधित विभाग से मांग की है कि सड़क कि रिपेयर करवाई जाए। ताकि इस प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

### बस के दरवाजे से गिरकर महिला घायल

**कनीना।** बस में सवार होकर भांखरी से गुढ़ी रसूलपुर जा रहे दंपति की जान से उस समय खिलवाड़ हो गया जब बस चालक के खड़े ब्रेक लगा दिए। पत्नी बस की खिड़की से नीचे गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। इस बारे में सुरेंद्र कुमार वासी भांखरी ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी पत्नी सुशीला के साथ बस में सवार होकर गुढ़ा रसूलपुर जा रहा था। गुढ़ा के समीप तेज गति से चल रही बस को रूकवाने के लिए परिचालक से कहा। जिसके संकेत पर चालक ने बस स्टैंड से पहले ही खड़े ब्रेक लगा दिए। अचानक ब्रेक लगने व बस की खिड़की खुली होने से सुशीला बस से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। कुछ दूर चलने पर बस रूकी। उनके उतरने के बाद मौका देखकर बस चालक बस को भगा ले गया। सुरेंद्र ने पुलिस को बताया कि निजी वाहन से घायल सुशीला को उप नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस की अनुसंधान अधिकारी भावना ने बताया कि सुरेंद्र कुमार की शिकायत पर आरोपित बस चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# अंबाला कैंट तहसील में छलके जाम, वीडियो हुआ वायरल

■एसडीएम ने नायब तहसीदार को दिए जांच के निर्देश



अंबाला। वायरल वीडियो में जाम छलकाते कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला कैंट के तहसील कार्यालय में शराब पार्टी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो 2-3 महीने पुराना बताया जा रहा है। रविवार को ही किसी ने सोशल मीडिया पर यह वीडियो डाला है। इसमें कुछ लोग शराब पार्टी कर डांस करते हुए दिख रहे हैं। एसडीएम विनेश कुमार ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। दावा किया जा रहा है कि अंबाला कैंट के पटवारी के सहायक के रूम का ये वीडियो है।

### दो से तीन माह पुराना वीडियो : एसडीएम

जिसके बाद अब इस मामले में एसडीएम विनेश कुमार ने नायाब तहसीलदार को जांच के आदेश दिए हैं। एसडीएम ने बताया कि वीडियो में कौन-कौन है। इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है। नायब तहसीलदार पटवारी और सहायकों से इस बात की जानकारी जुटा रहे हैं। एसडीएम ने यह भी बताया कि ये वीडियो अभी हाल-फिलहाल का तो नहीं है लेकिन, जब का भी है, ये सब जांच का हिस्सा है। अभी तक की बात में यह पता चल रहा है कि ये वीडियो तकरीबन 2-3 माह पुराना है।

## खबर संक्षेप

### लिव-इन पार्टनर हत्या मामले में एक और काबू

**गुरुग्राम।** बालियावास गांव निवासी हरीश शर्मा नामक व्यक्ति की हत्या के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी लिव इन पार्टनर यसमीत कौर को पुलिस ने शनिवार को ही गिरफ्तार कर लिया था। वहीं रविवार को पुलिस ने हत्या के दौरान मौके पर मौजूद मृतक के गांव बालिवावास निवासी विजय उर्फ सेठी को भी हत्या में संलिप्तता मिलने पर गिरफ्तार कर लिया।

### दो रुपये की ट्रांजेक्शन कराकर ठगे 48 हजार

**गुरुग्राम।** जालसाज ने कूरियर कंपनी का डिलीवरी बॉय बनकर दो रुपये ट्रांसफर कराकर युवक से 48 हजार रुपये की ठगी कर ली है। टिंकू सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खांडसा गांव में किराए पर रहता है। उसका एक कूरियर ब्लू डार्ट कूरियर कंपनी से आना था। 24 अप्रैल को उसके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को ब्लू डार्ट कूरियर कंपनी का कर्मचारी बताया और एड्रेस कंफर्म करने के लिए दो रुपये की ट्रांजेक्शन करने को कहा, इसी दौरान उसे ठग लिया गया।

मेरा किया जो काटे उसे ईनाम
गुरूजी सम्राट



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।
7534997731

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**बिजली निगम के रिश्वतखोर लिपिक का वीडियो वायरल**

# मैं तेरे 15-20 हजार रुपये बचाउंगा और खुद खाऊंगा तो वे तेरे नहीं महकमे के खाऊंगा

**कैथल।** कलायत के बिजली निगम कार्यालय के रिश्वत मामले में गिरफ्तार लिपिक गुलाब सिंह का रिश्वत मांगते हुए का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस वीडियो में सामने आया है कि लिपिक एक उपभोक्ता से बिजली कनेक्शन दोबारा शुरू कराने के एवज में 55 हजार रुपये की मांग कर रहा है। इसमें यह भी सुनाई दे रहा है कि क्लर्क उस उपभोक्ता से कार्यालय आकर बात करने को कह रहा है। मोबाइल पर वह बात नहीं करेगा। हालांकि हरिभूमि इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता। दरअसल, इस मामले में जींद की एसीबी ने शुक्रवार शाम के समय लिपिक गुलाब व कैशियर हैप्पी को गिरफ्तार किया था। मामले में दोनों आरोपियों को शनिवार दोपहर के समय अदालत में पेश किया गया, लेकिन अदालत ने कैशियर हैप्पी को केस का गवाह बनाते हुए रिहा कर दिया था। जबकि आरोपी गुलाब सिंह को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। वीडियो वायरल होने के बाद संभावना जताई जा रही है कि इसने कई उपभोक्ताओं से रिश्वत ली होगी।

### वायरल वीडियो में लिपिक कनेक्शन दोबारा शुरू कराने के एवज में 55 हजार रुपये मांग रहा

**उपभोक्ता:** रापड़िया में
**लिपिक :** वैसे तो आपके काम में साल लग जाएगा, लेकिन मैं अपने तरीके से काम कर दूंगा। मेरे पास दूसरा तरीका है। उसमें बिल ठीक कर अपने तरीके से काम करूंगा। आपका मीटर फटा है क्या?
**उपभोक्ता:** जी, मीटर फटा हुआ है।
**लिपिक :** फिर सिक्योरिटी भरना आपका काम है। सिक्योरिटी किसी के नाम से कर देना, रिकॉर्ड ऐसा बना देंगे। दो किलोवाट के कनेक्शन पर 2800 रुपये लगेंगे।
**उपभोक्ता :** फिर मेरा काम कितने में करोगे
**लिपिक :** तेरा काम मैं 55 हजार रुपये में कर दूंगा। रसीद चाहे मैं 55 की कटवाऊं, चाहे 45 की या फिर 35 की कटवाऊं। अगर मैं तेरे 15-20 हजार रुपये बचाउंगा और खुद खाऊंगा तो वे तेरे नहीं महकमे के खाऊंगा।
**उपभोक्ता:** सर, एक काम करो जी, 50 हजार रुपये ले लो
**लिपिक :** नहीं काम नहीं बनेगा। सारा हिसाब-किताब मेरे पास है। 55 में कर दूंगा।
***नोट: आरोपी यह कहकर उपभोक्ता से 50 हजार रुपये लिए***
**लिपिक :** रसीद के लिए तुझे दो से तीन दिन और इंतजार करना पड़ेगा। शाम को छह बजे के बाद रिपोर्ट निकालूंगा। फोन पर मैं बात नहीं करूंगा। सोमवार को अपनी रसीद ले जाना। किसी के सामने जिक्र नहीं करना। दूसरे किसी व्यक्ति ने जिक्र कर दिया था, एसडीओ ने चिट्ठी निकाल दी। सिक्योरिटी भर देना, रसीद कट जाएगी। फिर आगे हम जिम्मेवार हैं। आगे पैसे बिल में कटकर आएंगे।

### वीडियो संज्ञान में

मामले की जांच कर रहे कैथल एसीबी के इंस्पेक्टर सूबे सिंह ने कहा कि यह वीडियो उनके संज्ञान में आया है। हालांकि, यह मामला दूसरा है। इस संबंध में भी लिपिक से पूछताछ की जाएगी। जब कोई जानकारी सामने आएगी तो उस पर भी कार्रवाई की जाएगी।

# यूके से सोना भेजने का लालच देकर महिला बैंक कर्मी से ठगी

■पुलिस ने साइबर ठग को गिरफ्तार किया, केस दर्ज

**रेवाड़ी।** साइबर थाना पुलिस ने बैंक कर्मचारी को विदेश से महंगा सामान भेजने के नाम पर साइबर ठगी का शिकार बनाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। महिला बैंककर्मी को 3.31 लाख रुपये की ठगी का शिकार बनाया गया था। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। गुरूग्राम के राठीवास निवासी ज्योति ने गत 16 जुलाई को पुलिस शिकायत में बताया था कि वह धारूहेड़ा पीएनबी में नौकरी करती है। उसके पास मोबाइल एप पर फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी। इसके बाद मनीष चौधरी नाम का व्यक्ति उसका फ्रेंड बन गया था। चैटिंग के दौरान उसने बताया कि वह यूके में रहता है। वह उसके पास कुछ सामान भेजना चाहता है। उसने सामान कोरियर से भेजने की बात कहते हुए 38 हजार रुपये एक खाते में ट्रांसफर करा लिए। उसने बताया कि एक दिन बाद यह कोरियर एयरपोर्ट पर आ जाएगा। महिला ने बताया कि अगले दिन उसके पास विजय नाम व्यक्ति का फोन आया, जिसने खुद को कस्टम आफिसर बताते कहा कि उसका कोरियर आया है। उसमें गोल्ड व कैश है। यह सामान भारत में लीगल नहीं है, इसलिए उसे कस्टम ड्यूटी चुकानी होगी।



### वीडियो में दिखाया गोल्ड

उसके पास वीडियो भेजे गए, जिनमें गोल्ड और कैश दिखाया गया था। उसने झांसे में आकर एक बार 1.60 लाख रुपये और दूसरी बार 1.33 लाख रुपये उसके बताए नंबर पर ट्रांसफर कर दिए। ज्यादा पैसों की डिमांड करने पर उसे ठगी का पता चला। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में यूपी के पीर बहादुर अतरौली में रह रहे मूल रूप से दिल्ली के उत्तम नगर निवासी मुस्तफा को गिरफ्तार किया है। उसके बैंक खाते में ठगी की रकम के 38 हजार रुपये ट्रांसफर हुए थे।

# अफीम की खेप के साथ महिला सहित दो काबू

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट कुंडली की टीम ने मादक पदार्थ तस्करी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए एक महिला समेत दो आरोपितों को मादक पदार्थ अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों में महिला जिला मंदसौर (मध्यप्रदेश) की रहने वाली है, जबकि दूसरा आरोपित चैनाराम निवासी गांव देवरिया किलोल, जिला झालावाड़ (राजस्थान) का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से महिला को न्यायिक हिरासत में जेल व आरोपित को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दोनों आरोपित छोटूराम चौक पर अफीम बेचने की फिराक में खड़े हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए एएसआई सुरेश के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर छापा मारा। पुलिस को देखकर दोनों आरोपित ईदगाह कॉलोनी की ओर भागने लगे, जिन्हें शक के आधार पर काबू किया गया। महिला की तलाशी महिला पुलिस की मौजूदगी में ली गई। तलाशी के दौरान चैनाराम की पैंट की जेब से 415 ग्राम अफीम और महिला के पास से 435 ग्राम अफीम बरामद हुई। पूछताछ में दोनों कोई भी वैध लाइसेंस या परमिट पेश नहीं कर सके। मामले में थाना शहर सोनीपत में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।दोनों आरोपितो को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। अदालत ने महिला को जेल भेज दिया।



## राशिफल

**मेष** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**कन्या** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।

**धनु** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**मकर** शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

**मीन** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।

**लगातार बारिश से जिले में फसलों को हो रहा नुकसान**

# जलभराव से परेशान किसान ने चार एकड़ में नरमे और ग्वार की फसल पर चलाया ट्रैक्टर

**ओढां।** क्षेत्र में पिछले तीन दिन लगातार हुई बरसात के चलते फसलों में जलभराव होने से किसानों की फसलों को नुकसान हो रहा है। खेतों से पानी की निकासी न होने से नरमे व ग्वार की फसल झुलसकर खत्म हो रही है। गांव नुहियांवाली में कुछ किसानों ने मजबूरन अपनी नरमे व ग्वार की फसल पर हल चला दिया। किसान जगदीश सहारण व रणवीर सिंह ने बताया कि बरसात अधिक होने के चलते नरमे व ग्वार की फसल में कई दिनों से पानी खड़ा था।

### खेतों से पानी नहीं निकल रहा

आस पड़ोस के खेतों में भी जलभराव होने के कारण वे फसल से पानी भी नहीं निकाल सकते थे। उन्होंने बताया कि काफी समय से पानी खड़ा रहने के चलते पौधे गलकर खत्म हो रहे थे। ऊपर से लगभग हर रोज और बरसात हो रही है। ऐसे में उन दोनों को करीब 4 एकड़ नरमे व ग्वार की फसल में हल चलाना पड़ा। किसानों ने बताया कि उन्होंने कुछ अपनी व कुछ भूमि ठेके पर लेकर काश्त की थी।



स्पेशल गिरदावरी

उन्हें उम्मीद थी कि इस बार फसल अच्छी होगी, लेकिन उन्हें खरीफ की फसल में घाटा उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि अब आगामी फसल का भी समय नहीं है इसलिए उन्हें दोहरा नुकसान उठाना पड़ेगा। किसानों ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि जिन किसानों की जलभराव या बरसात की वजह से फसलें खराब हुई है उनकी स्पेशल गिरदावरी करवाकर उचित मुआवजा दिया जाए।


# हाईवा ने बाइक सवार युवक को कुचला

**कनीना।** कनीना रेवाड़ी सड़क मार्ग पर भड़फ गांव के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने हादसे के आरोपित हाईवा चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच कार्रवाई शुरू कर दी है।

इस बारे में भड़फ निवासी संजय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रात करीब साढ़े नौ बजे जब वह अपनी गाड़ी से भड़फ बस स्टैंड पर पहुंचा तो कनीना की ओर से एक हाईवा चालक तेजी से वाहन चलाता हुआ आया और अचानक ब्रेक लगा दिए। इसी दौरान हाईवा के पीछे चल रही एक बाइक उसे नीचे घुस गई। जिसका चालक उसकी चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। संजय व अन्य ग्रामीणों ने उसे हाईवा के नीचे से निकाला तथा गाड़ी से उसे उप नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया।

जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद आरोपित हाईवा चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। मृतक की पहचान भड़फ गांव निवासी सोमबीर के रूप में हुई। पुलिस ने संजय के बयान पर आरोपित वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर वाहन को कब्जे में लेकर शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

## शब्द पहेली - 5948




**बाएँ से दाए**
1. मरघट, कब्रिस्तान-4
3. पागल, बुद्धिहीन-4
8. भगवान, ईश्वर, खुदा-7
10. डांटना, दुत्कार-3
11. तरुण, किशोर-3
13. ओट, घूँघट-3
15. तपस्या-2
17. पराया, अजनबी-2
18. आनंद, मौज-2
19. सूर्य, भास्कर-2
21. चिंतन, सोच विचार-3
25. वेणी, फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26. वैद्य-3
27. आभास करना-4,3
30. शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31. युद्धघोष, आक्रमण, हमला-4

**ऊपर से नीचे**
2. कवि, गजलकार-3
4. भारत का झंडा-3
5. ईश्वर, भगवान-4
6. गुरुवार-4
7. दुर्ज, पापी, भूत-3
8. शरण, आश्रय-3
9. चांदी-3
12. उत्तराधिकारी-3
13. उत्कृष्ट, प्रधान-3
14. आंचल-3
16. कमल-3
20. रुकना, अंत, ठहराव-3
22. उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23. बर्दाश्त करना, निभाना-3
24. आय, कमाई-4
25. उष्ण-3
28. पराजित करना-3
29. उपपत्नी, दूसरी पत्नी-3

**शब्द पहेली- 5947 का हल**






## पिछले सप्ताह जमकर बरपा हंगामा, विपक्ष लगातार सरकार पर कर रहा हमले

# संसद में गतिरोध के बीच सरकार विधायी एजेंडे को आगे बढ़ाने पर कर रही विचार

### एक महत्वपूर्ण खेल विधेयक को पारित कराने पर रहेगा जोर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद में जारी गतिरोध के बीच सरकार सोमवार को लोकसभा में एक महत्वपूर्ण खेल विधेयक को पारित कराने पर जोर दे सकती है, क्योंकि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर चर्चा की विपक्ष की एकजुट मांग को सत्तारूढ़ गठबंधन से सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है। निचले सदन ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक को विचार एवं पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया है, जिसमें खेल निकायों के कामकाज में अधिक पारदर्शिता की परिकल्पना की गई है। राज्यसभा ने मणिपुर में राष्ट्रपति शासन को 13 अगस्त से छह महीने के लिए बढ़ाने संबंधी गृह मंत्री अमित शाह के प्रस्ताव को सोमवार को पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया है। पहलगाम आतंकी हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' पर दोनों सदनों में दो दिवसीय चर्चा को छोड़कर, 21 जुलाई को मानसून सत्र शुरू होने के बाद से संसदीय कार्यवाही लगभग ठप रही है, क्योंकि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का मुद्दा विपक्षी दल लगातार उठा रहे हैं। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' इस मुद्दे पर एकजुट हो गया है और आरोप लगाया है कि निर्वाचन आयोग की इस कवायद का उद्देश्य उसके एजेंडे के प्रति सहानुभूति रखने वाले मतदाताओं को हटाना और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की संभावनाओं को बढ़ावा देना है।

### ऑपरेशन सिंदूर, एसआईआर को लेकर नहीं हो पा रहा संसद में काम



#### राहुल गांधी 'वोट चोरी' का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग की कर रहे आलोचना

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि वह राष्ट्रीय स्तर पर यह प्रक्रिया लागू करेगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केवल पात्र मतदाताओं को ही वोट डालने की अनुमति दी जाए। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने निर्वाचन आयोग पर "वोट चोरी" का आरोप लगाते हुए आयोग की तीखी आलोचना की है। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को एक बयान में गांधी के आरोपों को "निराधार", "अप्रमाणित" और "भ्रामक" बताते हुए खारिज कर दिया था। संसद में एसआईआर पर चर्चा की मांग के संबंध में सरकार द्वारा कोई ध्यान न दिए जाने के कारण विपक्ष संसद में लगातार इस पर प्रदर्शन कर रहा है, जिसके कारण बार-बार कार्यवाही स्थगित करनी पड़ रही है।

#### विपक्ष की मांग पर नियमों के अनुसार निर्णय लेना दोनों सदनों के अध्यक्ष का काम : रीजीजू

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा है कि विपक्ष की मांग पर नियमों के अनुसार निर्णय लेना दोनों सदनों के अध्यक्ष का काम है। हालांकि, उन्होंने हाल में बलराम जाखड़, जो 1980 से 1989 के बीच लोकसभा अध्यक्ष थे, के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि सदन निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्था के कामकाज पर बहस नहीं कर सकता, जिससे यह पता चलता है कि सरकार विपक्ष की मांग को अस्वीकार करती है। इस संबंध में एक प्रमुख सरकारी पदाधिकारी ने कहा कि यदि संसद में व्यवधान के कारण सरकार का एजेंडा बाधित होता रहा तो वह शोरगुल के बावजूद अपने प्रमुख विधेयकों को पारित कराने का प्रयास करेगी। रीजीजू ने शुक्रवार को कहा था कि एसआईआर निर्वाचन आयोग के कार्यक्षेत्र का हिस्सा है।

#### राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक भी सूचीबद्ध

उन्होंने कहा कि चर्चा में शामिल मुद्दे से संबंधित मंत्री आम तौर पर सदस्यों द्वारा उठाई गई चिंताओं का जवाब देते हैं, और आश्चर्य व्यक्त किया कि संवैधानिक रूप से स्वायत्त निकाय, निर्वाचन आयोग के मामले में ऐसा कौन कर सकता है। रीजीजू ने कहा था कि जो नियम और परंपरा के अनुकूल नहीं है, उस पर चर्चा नहीं की जा सकती। लोकसभा में विचार और पारित होने के लिए सूचीबद्ध एक अन्य विधेयक राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक है।

## पीएम मोदी 10 को करेंगे बेंगलुरु मेट्रो का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 अगस्त को बेंगलुरु को एक बड़ी सौगात देने जा रहे हैं।



पीएम शहर में लंबे समय से प्रतीक्षित यलो लाइन मेट्रो का उद्घाटन करेंगे, इसके साथ ही बेंगलुरु मेट्रो के फेज-3 का शिलान्यास भी करेंगे। भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने इस बात की जानकारी दी। सूर्या ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है।

## नहीं रहे कन्नूर के 'दो रुपये वाले डॉक्टर'

**कन्नूर ।** केरल के कन्नूर में डॉक्टर एके रायरू गोपाल का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण रविवार को



निधन हो गया। वे 5 दशक से अपने क्लीनिक में मात्र दो रुपए में हजारों गरीब मरीजों का इलाज करते रहे। वे 80 वर्ष के थे और उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी है। कोई उन्हें दो रुपए वाले डॉक्टर साहब कहता तो कोई कुछ और जनता का डॉक्टर।

### इंडिया ब्लॉक की बैठक

# 7 को राहुल गांधी के घर पर कई मुद्दों पर करेगा मंथन



**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया (इंडिया ब्लॉक) की अगली बैठक 7 अगस्त को कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आवास पर होगी। यह बैठक डिनर के दौरान होगी और इसमें कई अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। राहुलने हाल ही में आरोप लगाया था कि 2024 के लोकसभा चुनावों में करीब 70-80 सीटों पर धांधली हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बहुत मामूली बहुमत से जीते हैं और यदि 15 सीटें भी सही तरीके से हुई होतीं, तो वो प्रधानमंत्री नहीं बन पाते।

#### पवार तेजस्वी समेत ये नेता होंगे शामिल

पिछली बैठक 19 जुलाई को वर्चुअल हुई थी, जिसमें 24 से ज्यादा दलों के नेता शामिल हुए थे, जिसमें एनसीपी-एसपी प्रमुख शरद पवार, आरजेडी नेता और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, जम्मू-कश्मीर के मौजूदा मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन और शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे शामिल थे। इस बार फारूक अब्दुल्ला (नेशनल कॉन्फ्रेंस) ने भी पुष्टि की है कि वे बैठक में शामिल होंगे।

## भाजपा शासित राज्यों में बेटियां असुरक्षित : अलका लांबा

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** महिला सुरक्षा के मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी ने रविवार को केंद्र सरकार और भाजपा शासित राज्यों पर तीखा हमला बोला। पार्टी की महिला मोर्चा अध्यक्ष अलका लांबा ने नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आज देश में बेटियां जल रही हैं, बलात्कार के मामलों में न्याय नहीं मिल रहा, और सरकारें तमाशा देख रही हैं। लांबा ने हाल ही में ओडिशा के पुरी जिले की 15 वर्षीय पीड़िता का मामला प्रमुखता से उठाया, जिसकी दिल्ली के एम्स में उपचार के दौरान मौत हो गई थी।

# अब मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन जल्द शुरू होगी, समय भी बचेगा

**एजेंसी ▶▶ भावनगर**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन सेवा बहुत जल्द शुरू होगी और इससे मुंबई व अहमदाबाद के बीच यात्रा का समय 2घंटे सात मिनट रह जाएगा। केंद्रीय मंत्री भावनगर टर्मिनस पर थे, जहां से उन्होंने अयोध्या एक्सप्रेस, रीवा-पुणे एक्सप्रेस और जबलपुर-रायपुर एक्सप्रेस को डिजिटल माध्यम से हरी झंडी दिखाई। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस अवसर पर ट्रेन सेवाओं का उद्घाटन किया। वैष्णव ने कहा कि मुंबई से अहमदाबाद के लिए पहली बुलेट ट्रेन बहुत जल्द शुरू होगी और इस परियोजना पर काम तेज गति से जारी है। इससे मुंबई से अहमदाबाद तक की यात्रा में केवल 2 घंटे 7 मिनट लगेंगे।



#### 320 किलोमीटर प्रति घंटे की उच्च गति से चलेगी

मुंबई और अहमदाबाद के बीच भारत की पहली बुलेट ट्रेन 508 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। यह मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) क्षेत्र से शुरू होगी और 320 किलोमीटर प्रति घंटे की उच्च गति से गुजरात के वापी, सूरत, आणंद, वडोदरा और अहमदाबाद को जोड़ेगी।

## प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रपति से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। शिष्टाचार भेंट के दौरान दोनों के बीच चर्चा हुई। इस बारे में अधिक जानकारी साझा नहीं की गई है। राष्ट्रपति के एक्स से रविवार को पीएम मोदी और राष्ट्रपति के बीच हुई मुलाकात की तस्वीर भी शेयर की गई, जिसमें वे चर्चा करते दिख रहे हैं।

### झारखंड में नक्सलियों की साजिश

# बड़ा विस्फोट कर उड़ा दी ट्रेन की पटरी, गनमैन की मौत

**एजेंसी ▶▶ चक्रधरपुर**

झारखंड नक्सलियों ने बड़ी साजिश रची थी। चक्रधरपुर में नक्सलियों ने विस्फोट करके रात में ट्रैक उड़ा दिया। इससे परिचालन ठप हो गया है। नक्सलियों ने करमपदा-रेजडा रेलवे साइडिंग के बीच शनिवार रात को विस्फोट किया था। इसमें एक गनमैन की मौत हो गई है। नक्सली 28 जुलाई से 3 अगस्त तक शहीद दिवस सप्ताह मना रहे हैं। नक्सलियों न 3 अगस्त को झारखंड सहित 5राज्य बंद बुलाया गया है। बंद को लेकर पहले से ही जिला



प्रशासन ने अलर्ट जारी किया गया है। ट्रेनों में अतिरिक्त फोर्स मुहैया कराई गई है रेलमंडल के रॉक्सी और रेंजरा के बीच सोमवार को रेल ट्रैक पर विस्फोट से एक गैंगमैन की मौत हो गई, जबकि एक घायल हुआ है। हादसा नक्सलियों के ट्रैक पल लगाए गए बैनर को हटाने के दौरान सुबह 12 बजे की है।

# सनातन ने देश को बर्बाद किया यह विकृत विचारधारा : आव्हाड

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

एनसीपी (शरद पवार) गुट के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने सनातन धर्म पर कहा कि इसने भारत को बर्बाद किया और उन्होंने इसकी विचारधारा को विकृत करार दिया। जितेंद्र ने महाराष्ट्र के ठाणे में अपने इस बयान में उन्होंने सनातन धर्म को छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक से इनकार, संभाजी महाराज की बदनामी, ज्योतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले पर हमले, और डॉ. बीआर आंबेडकर के साथ भेदभाव जैसे ऐतिहासिक अन्यायों का जिम्मेदार ठहराया। यह बयान मालेगांव ब्लास्ट मामले में सभी सात आरोपियों के बरी होने के बाद आया है। जिसने भगवा आतंकवाद की बहस को फिर से हवा दी।



#### क्या शरद की पार्टी 'बेपटरी' हो रही!

इस बयान ने यह सवाल उठाया है कि क्या शरद पवार की एलसीपी अब कांग्रेस की राजनीति की राह पर चल पड़ी है? शरद का राजनीतिक स्टाइल हमेशा से रणनीतिक और लचीला रहा है। वे महाराष्ट्र की राजनीति में गूगली फेंकने के लिए जाने जाते हैं। कांग्रेस का राजनीतिक स्टाइलअल्पसंख्यक समुदायों विशेष रूप से मुसलमानों के प्रति नीति से जुड़ा रहा है।



## चिंतन

# सियासी लाभ के लिए चुनाव आयोग को बदनाम न करें

स्वतंत्र संवैधानिक संस्थाएं किसी भी मजबूत लोकतंत्र की नींव होती हैं। लोकतंत्र तभी जिंदा रह सकता है जब ये संस्थाएं निष्पक्ष और पूर्ण आजादी से फैसले लें। यही कारण था कि हमारे संविधान में देश की संस्थाओं को आजाद रखने के लिए अनेक प्रावधान किए गए बल्कि अधिकार भी दिए गए। ऐसी ही एक संस्था है चुनाव आयोग। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में चुनाव एक ऐसी बुनियाद है, जिस पर लोकतंत्र की इमारत टिकी हुई है। इस बुनियाद को बनाए रखने में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव से जुड़े सिद्धांत और प्रक्रियाएं अहम भूमिका निभाती हैं। इसे चुनाव आयोग ने बाखूबी निभाया भी है। 400 से अधिक राज्य विधानसभा चुनाव, 16 राष्ट्रपति चुनाव, 16 उपराष्ट्रपति चुनाव और 17 राष्ट्रीय चुनाव को सफलतापूर्वक करवाना सामान्य बात नहीं है, लेकिन बीते कुछ दिनों से आयोग को ही कठघरे में खड़ा करने के प्रयास हो रहे हैं, उसकी निष्पक्षता पर उंगली उठाई जा रही है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। वे लोकसभा और विधानसभा चुनावों में अपनी हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ रहे हैं। यहां तक कि वे आयोग के अधिकारियों को चेतावनी देने से भी नहीं चूक रहे। यह ठीक है कि चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के आरोपों का कड़ा प्रतिवाद करने के साथ यह कहकर उन्हें बेनकाब भी किया कि वे किस तरह अपने आरोपों का जवाब सुनने को उसके समक्ष उपस्थित नहीं हुए। चुनाव आयोग ने बार-बार उन्हें बुलाया, लेकिन लगता है कि वे संवैधानिक संस्था को बदनाम करने पर ही आमादा हैं। राहुल गांधी के साथ-साथ बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आरजेडी नेता तपस्वी यादव भी चुनाव आयोग को निशाने पर ले रहे हैं। वे बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के सत्यापन से नाराज हैं। जबकि बिहार में मतदाता सूची के सत्यापन की कार्रवाई अनिवार्य है, लेकिन राजनीतिक दलों द्वारा आयोग की इस कार्रवाई के खिलाफ तरह-तरह से भ्रामक और गलत प्रचार किया जा रहा है। यह ठीक है कि चुनाव आयोग मतदाता सूची के सत्यापन संबंधी फर्जी पोस्ट एवं वीडियो को खोज-खोज कर उन्हें गलत बता रहा है और इसी के साथ सच्चाई भी बयान कर रहा है, लेकिन इसे पर्याप्त नहीं कहा जा सकता। चुनाव आयोग को ऐसे भ्रामक वीडियो एवं पोस्ट करने वालों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई भी करनी चाहिए। यदि इस तरह की फर्जी न्यूज फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो शरारती तत्वों का दुस्साहस ही बढ़ेगा। अब तपस्वी यादव को ही लें, उन्होंने पत्रकारवार्ता करके ऐलान कर दिया कि मतदाता सूची से उनका और उनकी पत्नी का नाम काट दिया गया है। हद तो तब हो गई जब तेजस्वी ने अपने वोटर कार्ड का नंबर भी बता दिया। इसके तुरंत बाद चुनाव आयोग ने न केवल इसका खंडन किया बल्कि अब उन्हें नोटिस भेजा है। इसमें पूछा गया है कि उनके पास वोटर कार्ड के दो ईपिक नंबर कैसे आए। बिहार की दीघा विधानसभा के निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी ने नोटिस में कहा है कि आपके द्वारा ईपिक संख्या आएएबी 2916120 दिखाया गया, जो आधिकारिक रूप से जारी नहीं किया गया है। इससे बिलकुल साफ है कि उनका इरादा केवल चुनाव आयोग को बदनाम करने का है, जो कतई लोकतंत्र के हित में नहीं है। सभी राजनीतिक दलों को चाहे वो सत्ता में हो या विपक्ष में, हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि हमारी संवैधानिक संस्थाओं पर कोई आंच न आए। अगर ये स्वतंत्र नहीं रह पाईं तो लोकतंत्र भी नहीं रह पाएगा।



सियासत
राजकुमार सिंह

# विपक्षी एकता पर भारी कांग्रेस-आप टकराव

> संसद के मानसून सत्र से ठीक पहले आप का 'इंडिया' गठबंधन से अलगाव बताता है कि भाजपानीत राजग के चुनावी मुकाबले के बड़े लक्ष्य के साथ हुई विपक्षी एकता परस्पर दलगत हितों के टकराव के ग्रहण से नहीं बच पा रही। आप के अलगाव से उजागर विपक्ष के अंतर्विरोध निश्चय ही केंद्र समेत ज्यादातर राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा और उसकी अगुवाई वाले राजग के लिए उत्साहवर्धक हैं। लगातार दो लोकसभा चुनाव हार कर एकता की राह पर चले विपक्ष में बिखराव उसके अपने भविष्य के लिए सुखद संकेत नहीं है। अगले लोकसभा चुनाव तो 2029 में होंगे, लेकिन उससे पहले होने वाले विधानसभा चुनावों के परिणामों का विपक्षी मनोबल पर ही नहीं, मतदाताओं के मन पर भी दूरगामी असर पड़ेगा।

संसद के मानसून सत्र से ठीक पहले आप का 'इंडिया' गठबंधन से अलगाव बताता है कि भाजपानीत राजग के चुनावी मुकाबले के बड़े लक्ष्य के साथ हुई विपक्षी एकता परस्पर दलगत हितों के टकराव के ग्रहण से नहीं बच पा रही। वर्ष 2023 के मध्य में बने दो दर्जन विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जदयू और जयंत चौधरी के रालोद की विदाई पिछले साल लोकसभा चुनाव से पहले ही हो गयी थी। जाहिर है, उस अलगाव के दलगत टकराव के अलावा भी कुछ कारण रहे होंगे, लेकिन हाल में आप के 'इंडिया' गठबंधन से अलग होने के पीछे तो उसका कांग्रेस से टकराव ही एकमात्र कारण है। बेशक पहले दिल्ली और फिर पंजाब की सत्ता छीनने वाली आप से कांग्रेस का दलीय हितों का टकराव अस्वाभाविक नहीं, पर यह तो 'इंडिया' गठबंधन में उनके साथ आने से पहले भी सबको पता था।

दिल्ली पर लगातार 15 साल राज करने वाली कांग्रेस अगर वहां विधानसभा में शून्य हो गयी तो उसमें सबसे अहम भूमिका आप की ही रही। गुजरात और गोवा में भी आप की चुनावी मौजूदगी ने कांग्रेस को भारी नुकसान पहुंचाया है। इसके बावजूद 'इंडिया' गठबंधन के बैनर तले ये दोनों दल साथ आये तो इसलिए कि भाजपानीत राजग को विपक्षी एकता बिना चुनौती दे पाना संभव नहीं। तमाम अंतर्विरोधों के बावजूद 'इंडिया' गठबंधन किसी हद तक वह लक्ष्य हासिल भी कर पाया, जब 2019 के लोकसभा चुनाव में अकेले दम पर 303 सीटें जीतने वाली भाजपा 2024 में 240 सीटों पर रुक गयी और सरकार के लिए राजग के अपने सहयोगियों पर उसकी निर्भरता बढ़ गयी। निश्चय ही गठबंधन का सबसे ज्यादा लाभ कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को हुआ, जो क्रमशः 52 से 99 और पांच से 37 सीटों पर पहुंच गयीं। ध्यान रहे कि कांग्रेस और आप, दिल्ली, हरियाणा, गुजरात और चंडीगढ़ में तो लोकसभा चुनाव मिलकर लड़े, लेकिन पंजाब में एक-दूसरे के विरुद्ध। पंजाब में आप प्रचंड बहुमत से सत्तारूढ़ दल है, जबकि कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल। ऐसे में मिलकर चुनाव लड़ने से कार्यकर्ताओं और मतदाताओं में तो भ्रम की स्थिति बनती ही, दोनों दलों की साख पर भी सवालिया निशान लग जाता। वैसे दिल्ली में दोनों मिलकर भी भाजपा को फिर सभी सात सीटें जीतने से नहीं रोक पाये। हां, हरियाणा में कांग्रेस 10 में से पांच सीटें जीतने में सफल हो गयी। चंडीगढ़ से भी कांग्रेस के मनीष तिवारी जीते।

कह सकते हैं कि लोकसभा चुनाव में गठबंधन का आप को ज्यादा लाभ नहीं हुआ, लेकिन दोनों के बीच तल्खियां बढ़ीं चंद महीने बाद हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव से। कांग्रेस-आप में सीटों के बंटवारे पर बातचीत तो हुई, पर सिरे नहीं चढ़ पायी। नतीजतन आप ने 90 में 88 सीटों पर उम्मीदवार उतार दिये। आप को तो दो प्रतिशत मत भी नहीं मिल पाये, लेकिन सत्ता की दौड़ में भाजपा से कांग्रेस एक प्रतिशत से भी कम मतों से पिछड़ गयी। आश्चर्य नहीं कि उस नतीजे से कांग्रेस और आप के बीच बढ़ीं तल्खियां दिल्ली विधानसभा चुनाव में एक-दूसरे के विरुद्ध मोर्चेबंदी तक पहुंच गयीं। पिछले विधानसभा चुनाव में भी खाता खोलने में नाकाम रही। कांग्रेस ने इस बार जो चुनावी मोर्चाबंदी की, वह भाजपा के बजाय आप के विरुद्ध ज्यादा नजर आयी। दोनों के



बीच कटुता इतनी बढ़ी कि आप ने कांग्रेस को 'इंडिया' गठबंधन से बाहर निकालने की मांग तक कर डाली। आप से हिसाब चुकता करने का कांग्रेस का दांव कारगर रहा और 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में भाजपा की वापसी हो गयी। मत प्रतिशत और सीटों का गणित संकेत देता है कि अगर कांग्रेस-आप मिलकर लड़े होते तो शायद भाजपा की सत्ता में वापसी इतनी आसान नहीं होती। अरविंद केजरीवाल की आप ने जिस दिल्ली से सत्ता का सफर शुरू करते हुए सबसे कम समय में राष्ट्रीय दल का दर्जा हासिल किया, वहीं वह सत्ता से पैदल हो गयी। ऐसे में आप के पास भावी चुनावी राजनीति में गंवाने के लिए ज्यादा कुछ नहीं है, जबकि वह गुजरात, गोवा समेत कई राज्यों में कांग्रेस का चुनावी गणित बिगाड़ सकती है। हालांकि आप सांसद संजय सिंह द्वारा 'इंडिया' गठबंधन की कार्यशैली पर उठाये गये सवाल अपनी जगह जायज हैं, लेकिन अलगाव की असली वजह कांग्रेस से कटुता निर्णायक मोड़ पर पहुंच जाना ही है। आप सांसद संजय सिंह ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी संसदीय मुद्दों पर टीएमसी और डीएमके जैसे विपक्षी दलों के साथ समन्वय बनाए रखेगी और उनका समर्थन करेगी, जैसा कि ये दल आप का समर्थन करते हैं। निश्चय ही आप की उपस्थिति उन राज्यों में भाजपा की मददगार साबित होगी, जहां उसका कांग्रेस से सीधा मुकाबला रहा है। दरअसल भाजपा या उसकी अगुवाई वाले गठबंधन राजग के विरुद्ध जितने ज्यादा दल चुनाव मैदान में होंगे, विरोधी मत उतने ही ज्यादा बंट जायेंगे। भाजपा विरोधी मतों के इस बिखराव से बचने के लिए ही विपक्षी गठबंधन की कवायद हुई थी, लेकिन दो साल में ही गाड़ी पटरी से उतरती नजर आ रही है।

बेशक गठबंधन की सफलता सभी घटकों के सहयोग, समन्वय और समझदारी पर निर्भर करती है, लेकिन सबसे बड़े दल के नाते इसमें कांग्रेस की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण हो जाती है। याद करिए कि जुलाई, 2023 में बनने के बाद से 'इंडिया' गठबंधन की कितनी बैठकें हुई हैं? संयोजक तो दूर, आज तक सचिवालय या संगठनात्मक ढांचा नहीं बन पाया। दो साल में न तो साझा न्यूनतम कार्यक्रम बना और न ही कभी संयुक्त चुनाव प्रचार नजर आया। हां, संसद में अवश्य कभी-कभी तालमेल दिखा, पर कुछ मुद्दों पर मतभेद भी छिपे नहीं रहे हैं। ऐसे में यह सवाल तो उठेगा ही कि आखिर 'इंडिया' गठबंधन जमीन पर क्यों नहीं उतर पाया? विपक्षी गठबंधन जब जमीन पर ही नजर नहीं आयेगा तो जनता उसके विकल्प बन सकने की क्षमता पर विश्वास कैसे करेगी? विडंबना यह भी है कि कांग्रेस अकसर अपने दलीय हितों के हिसाब से विचार और निर्णय करती नजर आयी है। आप समेत उत्तर भारत के ज्यादातर छोटे दलों ने कांग्रेस के ही परंपरागत जनाधार में सेंधमारी से अपना जनाधार बनाया है। मुद्दे भी कमोवेश समान हैं।

कांग्रेस की दुविधा यह है कि अपने पुनरुत्थान के लिए इन दलों से जनाधार वापस छीनना जरूरी है, जबकि उनसे हाथ मिलाये बिना भाजपा का चुनावी मुकाबला मुश्किल है। इस जटिल राजनीतिक समीकरण में संतुलन पर ही कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का चुनावी भविष्य निर्भर करता है। आप के अलगाव से उजागर विपक्ष के अंतर्विरोध निश्चय ही केंद्र समेत ज्यादातर राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा और उसकी अगुवाई वाले राजग के लिए उत्साहवर्धक हैं। जाहिर है, लगातार दो लोकसभा चुनाव हार कर एकता की राह पर चले विपक्ष में बिखराव उसके अपने भविष्य के लिए सुखद संकेत नहीं है। अगले लोकसभा चुनाव तो 2029 में होंगे, लेकिन उससे पहले होने वाले विधानसभा चुनावों के परिणामों का विपक्षी मनोबल पर ही नहीं, मतदाताओं के मन पर भी दूरगामी असर पड़ेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

व्यापार समझौता
विकेश कुमार बडोला




# ट्रंप की आक्रामक नीतियों में उलझे द्विपक्षीय संबंध

अपने दूसरे कार्यकाल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक नीतियों ने दुनिया में उलझन बढ़ा दी है। पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों पर भारत के प्रहार के बाद तो ट्रंप भारत के प्रति भी नाटकीय ढंग से अविश्वसनीय, हास्यास्पद तथा अनर्गल वक्तव्य देने लगे हैं। गत सवा दो माह में उन्होंने भारतीय गरिमा को अपने अनेक अप्रत्याशित वक्तव्यों से खंडित किया है। राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिकी फर्स्ट की अपनी चुनावी नीति को धरातल पर क्रियान्वित करने में उन्हें जो भी कठिनाइयां हो रही हैं, उसकी प्रतिक्रिया वे भारत समेत विश्व के भिन्न-भिन्न देशों को आयात-निर्यात शुल्क बढ़ाने की धमकियां देकर, शुल्क वृद्धि करके कर रहे हैं। पाकिस्तान स्थित अपनी सामरिक अवसंरचनाओं को भारत के प्रहार से हुई अधिक हानि के बाद वे भारतीय प्रधानमंत्री से रुष्ट हैं। जहां नरेंद्र मोदी भारतीय लोकतंत्र की आधिकारिक औपचारिकताओं से बंधकर चुपचाप भारतीय हितों का संरक्षण कर रहे हैं, वहीं ट्रंप भारत के संदर्भ में व्यापारिक समझौतों को भारतीय व्यापार मंत्रियों व प्रतिनिधियों के व्यापार-मंथन के आधार पर नहीं, अपितु नरेंद्र मोदी के साथ आमने-सामने बैठकर चुटकियों में एक संकेत पर अंतिम रूप दे देना चाहते हैं। चूंकि अमेरिकी प्रधान स्वयं में एक व्यापारी हैं, उनके पास अंतरराष्ट्रीय व्यापार का वर्षों पुराना अनुभव है तथा उस आधार पर उन्हें अमेरिका की ओर से अन्य देशों के साथ होने वाले व्यापारिक समझौतों के अमेरिकी हित में निकलने वाले निष्कर्ष भलीभांति ज्ञात हैं, इसीलिए वे नरेंद्र मोदी से भी अपेक्षा कर रहे हैं कि वे उनके अनुसार समझौते का किंतु-परंतु के बिना यथाशीघ्र निस्तारण कर दें। वे भूल रहे हैं कि इस समय भारत का केंद्रीय शासन एक सुशासन प्रणाली के नियम से बंधा हुआ है। ऐसे शासन के किसी भी कार्य, समझौते अथवा निर्णय में भ्रष्टाचार, अनाधिकृत प्रभाव एवं अधीरता का आचरण नहीं है। ट्रंप अपनी बढ़ती आयु तथा इस भय से कि संभवतः अब तीसरी बार राष्ट्रपति नहीं बन सकेंगे, अमेरिकी फर्स्ट की नीति अंगीकार कर जैसे-तैसे अमेरिका के प्रभाव को बड़ा व विशाल कर देना चाहते हैं। इस आवेश में वे अपने प्रथम कार्यकाल की उन नीतियों को भी भूल चुके हैं, जिनमें उन्होंने इस्लामिक आतंक को कुचलने के लिए व्यापक कार्य किये थे तथा इसी प्रभाव में मोदी की उनसे मैत्री स्थापित हुई थी। वे जैसे-तैसे इस समय की अपनी राजनीतिक इच्छाओं की पूर्ति कर लेना चाहते हैं। उनके साथ का अथवा उनके कार्यालय का कोई भी अन्य पदाधिकारी, यहां तक कि उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस भी, अमेरिका की ओर से वक्तव्य देने के लिए स्वतंत्र नहीं है। ट्रंप को अमेरिका की ओर से राष्ट्रपति के रूप में अपना प्रभाव इतना अधिक व्यापक कर देना है कि वे उस आधार पर रूस-यूक्रेन समेत दुनिया के अन्य देशों के मध्य हुए या होते आ रहे युद्धों को समाप्त करने का महत्ती श्रेय लेना चाहते हैं। इस महत्वाकांक्षा के पूर्ण होने पर उन्हें नोबल पुरस्कार प्राप्त करने की अभिलाषा भी है। इतना सब उनके पक्ष में उनके अनुसार होने के लिए उनके पास राष्ट्रपति के रूप में मात्र दो-ढाई वर्ष का ही समय शेष है। अतः वे भारत के संदर्भ में, मोदी के संबंध में भी अपने चिरपरिचित मैत्रीपूर्ण व्यवहार से विमुख हो चुके हैं। उन्हें किसी भांति, चाहे भारत तथा मोदी को ही रुष्ट क्यों न करना पड़े, अपनी महत्वाकांक्षाएं पूरी करनी हैं। वे अपनी राजनीतिक एवं व्यापारिक चतुरता दिखाते हुए हर संभव प्रयास कर रहे हैं कि भारत को, विशेषकर उनकी शर्तों पर व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में देर करने वाले मोदी को, नीचा दिखाया जाए। इसके लिए उन्होंने भारत-पाक युद्ध को रुकवाने के लिए खुद को पचास से अधिक बार श्रेय दे दिया है। वे रूस के साथ भारत की सामरिक-व्यापारिक मैत्री के लिए भी भारत को अनेक धमकियां दे चुके हैं। चूंकि भारत सुशासन के साथ उभरती हुई एक वैश्विक शक्ति बन रहा है, इसीलिए वह अपने आत्मसम्मान से समझौता नहीं करते हुए अमेरिकी प्रस्ताव को अस्वीकार करने पर लगा हुआ है। भारत को मृत अर्थव्यवस्था बताने वाले तथा पाकिस्तान में तेल स्त्रोत ढूंढ उसे समृद्ध कर एक दिन भारत को भी उससे तेल खरीदने के लिए विवश कर देने वाले, ट्रंप के नवीनतम वक्तव्यों ने अंततः भारत को प्रतिक्रिया के लिए विवश कर ही दिया है। परिणाम में भारत ने अमेरिका के एफ-35 फाइटर जेट्स को खरीदने के बारे में पूर्व के अनेक किंतुओं-परंतुओं के बाद अब अंतिम रूप से उन्हें निकट भविष्य में नहीं खरीदने की घोषणा कर डाली है। इसके प्रत्युत्तर में ट्रंप ने भारत पर एक अगस्त से लागू होने वाले 25 प्रतिशत शुल्क आरोपण नियम को अब आठ अगस्त तक के लिए टाल दिया है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मन से तय होती है जीवन की सही दिशा



संकलित
दर्शन

अकसर समस्याओं में लोग दूसरों को पुकारते हैं जबकि यदि लोग अपने मन को अंतर्मुख करें, तो समाधान उन्हें अपने में ही मिल जाएगा। बस कुछ समय निकाल कर खुद के अंदर झांकने की जरूरत होती है। कहते हैं कि मन से जीवन की दिशा तय होती है, लेकिन ये बड़ा चंचल होता है। इसे समझना आसान नही है। मन को दुखी न करो : हमेशा उन विचारों को दूर करने की कोशिश करें जो मन को दुख पहुंचाने वाले हैं। उन बातों को भी मन पर बिलकुल हावी न होने दें जो आपके अंदर नकारात्मकता भरती हैं। मन को पकडक़र न बैठो : अकसर मन इधर-उधर भागने लगता है। ऐसे में उसे भागने दो। उसे जबरदस्ती पकडक़र रोकने की कोशिश न करो। इसके बाद इसके पीछे जाओ और इसे वापस ले आओ। वह कहते हैं कि इनसान स्वयं अपने मन को खुश रखने के लिए जिम्मेदार है। ऐसे में उसे यह दृढ़ संकल्प करना जरूरी है कि चाहे कुछ भी हो जाए, कोई भी व्यक्ति मेरी खुशी नहीं छीन सकता। जीवन को एक सही दिशा देने में मन की विशेष भूमिका होती है। जीवन में ऐसा कुछ नहीं है, जिसके प्रति बहुत गंभीर रहा जाए। यह हाथों में खेलने के लिए एक गेंद है। इसे पकड़े मत रहो। इंसानी जीवन में इच्छा को कभी भी खुद पर हावी न होने दो। इच्छा हमेशा अकेले मैं शब्द पर लटकती रहती है। ऐसे में जब इंसान मैं का त्याग कर देता है, तब इच्छा भी समाप्त हो जाती है। जीवन को लेकर गहराई से सोचिए। अतीत में बहुत सी समस्याएं आई थीं, जो आज नहीं हैं। वे आईं और चली गईं।

# ऊर्जा के नाश को रोकता है माथे का तिलक



संकलित
प्रेरणा

भारतीय संस्कृति में तिलक धारण करने का धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व रहा है। प्राचीन काल में तीर्थों की पवित्र मिट्टी (शुचितम मृत्तिका) तिलक के रूप में माथे पर लगाई जाती थी। धीरे-धीरे इस मृत्तिका का स्थान चंदन, गोपीचंदन, कुमकुम, भस्म या केसर ने ले लिया। तिलक धारण करने के इन सभी रूपों का उद्देश्य केवल बाह्य सज्जा नहीं, बल्कि आंतरिक चेतना का जागरण है। विज्ञान की दृष्टि से देखें तो तिलक या टीका लगाने से मस्तिष्क के अग्र भाग में स्थित तंत्रिकाओं पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे तनाव कम होता है और मन एकाग्र होता है। तिलक का स्थान मस्तक के उस भाग पर होता है, जिसे 'आज्ञा चक्र' कहा जाता है। यह स्थान निर्णय क्षमता, स्मृति और विवेक का केंद्र होता है। जब इस स्थान पर चंदन या भस्म लगाया जाता है, तो वह मानसिक शीतलता, आत्म-संयम और आस्था का संचार करता है। इसे इस तरह से भी समझा जा सकता है कि मनुष्य की दोनों भृकुटियों के मध्य में मुख्य महत्त्वपूर्ण नर्व पॉइंट होता है। तिलक उस जगह लगाने से एकाग्रता रखने में मदद मिलती है। तिलक का व्यवहार ब्राह्मणों या सनातन भारतीय समाज के अन्य वर्गों तक ही सीमित नहीं रहा है। क्षत्रिय राजा के जीवन में तिलक धारण करने को विशेष महत्व दिया जाता था। भगवान श्री रामचंद्र चंदन का तिलक लगाया करते थे। आज भी आप किसी देवालय में जाएं तो पंडित सर्वप्रथम आपके माथे पर तिलक ही लगाएगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सेजबहार का हाल-बेहाल

सेजबहार हाउसिंग बोर्ड कालोनी का हाल–बेहाल है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने मकान बेचकर इतिश्री कर ली। अब सफाई के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाते रहे। अफसर मस्त हैं। जवाबदारी लेने को कोई तैयार नहीं। रजिस्टर में शिकायतें लिखकर कर्मचारी औपचारिकता पूरी कर रहे हैं। दो महीने बीतने के बाद भी शिकायतों का कोई निराकरण नहीं हो पा रहा है। रात में अंधेरे से भी कालोनीवासी परेशान हैं। स्ट्रीट लाइट महीने में कुछ दिन ही जलती है। जलकर और मेंटनेंस का पैसा लेकर हाउसिंग लोगों को सुविधाएं देने में असफल है।

*–शाहीन बेगम, रायपुर*

## ट्रेंड

### ये नया भारत है



ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से जिन्हें परेशानी हो रही है, उन्हें काशी की धरती से मैं बताना चाहता हूं कि ये नया भारत है। ये बाबा भोलेनाथ को पूजने के साथ देश के दुश्मनों के सामने कालभैरव भी बन जाता है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### जयंती पर नमन



'हम कौन थे, क्या हो गए हैं और क्या होंगे अभी', यह आत्मबोध 'पद्म भूषण' राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जी की लेखनी का तेज था। संस्कृति, संवेदना और राष्ट्रनिष्ठा से समृद्ध उनकी कालजयी रचनाएं युगों तक हमें संस्कारित करती रहेंगी। राष्ट्रकवि को उनकी पावन जयंती पर सादर नमन!

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### सड़कें बद से बदतर



उप्र में भाजपा की पिछली सरकार ने 'गड्ढा मुक्ति' के नाम पर अरबों का जो फंड निकाला था, वो भाजपाइयों की जेब के गड्ढे तो भर गया लेकिन सड़कें बद से बदतर हो गयीं। भाजपा जाये तो सड़क बन जाए।

- अखिलेश यादव, सपा सांसद

### वाणी का सदुपयोग




पानी का अनियंत्रित प्रवाह बाढ़ बनकर गाँवों को समाप्त कर देता है और वाणी का संबंधों को मिटा देता है। पानी और वाणी पर नियंत्रण, इनका सदुपयोग करके हम अपनी बस्ती और हस्ती की रक्षा कर सकते हैं।

- आशुतोष राणा, अभिनेता

## करंट अफेयर

# विचारधारा से आमदनी तक कश्मीर में नया सोशल मीडिया खेल



सुरक्षा एजेंसियों ने कश्मीर घाटी में कुछ युवाओं के बीच अलगाववादियों और आतंकवादियों का महिमामंडन करने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करने के एक नये चलन का खुलासा किया है। इसके पीछे का कारण वैचारिक प्रतिबद्धता नहीं, बल्कि फॉलोवर बढ़ाने और विज्ञापनदाताओं से धन कमाने की एक सोची–समझी रणनीति है। श्रीनगर पुलिस कट्टरपंथ का मुकाबला करने के लिए सोशल मीडिया साइट पर नजर रखने का हरसंभव प्रयास कर रही है। श्रीनगर पुलिस को इस प्रवृत्ति का पता तब चला जब उसने ऐसे अकाउंट से जुड़े कुछ युवाओं को हिरासत में लिया। युवकों ने पूछताछ के दौरान, कथित तौर पर स्वीकार किया कि भड़काऊ तस्वीरों –जैसे कि प्रतिबंधित हिजबुल मुजाहिदीन के मारे गए आतंकवादी बुरहान वानी की तस्वीर – का इस्तेमाल फॉलोवर का एक बड़ा आधार हासिल करने के लिए एक सोची–समझी रणनीति थी। युवकों ने बताया कि इससे वे बाद में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर विज्ञापनदाताओं से विज्ञापन हासिल करके उससे पैसे कमाने में सक्षम हो सके। अधिकारियों ने बताया कि बड़ी संख्या में फॉलोअर, विशेषकर सीमापार और विदेशों से, हासिल करने के बाद, अकाउंट संचालक इन तस्वीरों को पहाड़ों या चिनार के पेड़ों जैसी तस्वीरों से बदल देते थे।

## ऑफ बीट

# भक्त को बचाने स्वयं प्रकट हुए नागेश्वर ज्योतिर्लिंग




गुजरात के द्वारका धाम से करीब 16 किलोमीटर दूर नागेश्वर ज्योतिर्लिंग है। ये भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में दसवें ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रसिद्ध है। माना जाता है ये मंदिर करीब 2500 साल पुराना है। पौराणिक मान्यता और कथा–भगवान शिव का एक अनन्य भक्त सुप्रिय नामक व्यापारी था। जिसे एक दिन दारुक नाम के राक्षस ने कारागार में बंद कर दिया और तरह–तरह के कष्ट दिए, लेकिन वह अपनी भक्ति पर अटल रहा। आखिर में दारुक ने एक दिन जब वह पूजा में मग्न था, उस पर अत्यंत क्रोध करना शुरू कर दिया, लेकिन वह अपने आराध्य भगवान शिव से प्रार्थना करता रहा, आखिर में भगवान शिव ज्योतिर्लिंग के रूप में कारागार में प्रकट हुए और सुप्रिय को पाशुपतास्त्र दिया ताकि वह अपनी रक्षा कर सके। इस अस्त्र से सुप्रिय ने राक्षस दारुक तथा उसके अनुचरों का वध कर दिया। उसी समय से भगवान शिव के इस ज्योतिर्लिंग का नाम नागेश्वर के नाम से प्रसिद्ध हुआ। मंदिर परिसर में भगवान शिव की पद्मासन मुद्रा में एक 80 फुट की विशालकाय मूर्ति है। गर्भगृह में पुरुष भक्त धोती पहनकर ही प्रवेश कर सकते हैं, वह भी तभी जब उन्हें अभिषेक करवाना है। शिवपुराण के अनुसार नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के बाद उसकी उत्पत्ति और माहात्म्य संबंधी कथा सुनने से हर तरह के पाप खत्म हो जाते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# नेशनल बैंक ओपन : विक्टोरिया ने कोको गॉफ को हराकर किया उलटफेर, पोपिरिन क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी ⏭ मांट्रियल

कनाडा की युवा खिलाड़ी विक्टोरिया एमबोको ने शीर्ष वरीय कोको गॉफ को हराकर उलटफेर करते हुए नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दुनिया की 85वें नंबर की खिलाड़ी और 18 वर्षीय एमबोको ने एक घंटा और 22 मिनट में गॉफ को 6-1 6-4 से हराया। फ्रेंच ओपन जीतने के बाद से गॉफ की पांच मैच में यह तीसरी हार है। फ्रेंच ओपन का खिताब जीतने के बाद उन्हें बर्लिन और विंबलडन में पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा।

- 18 वर्षीय एमबोको ने एक घंटा और 22 मिनट में गॉफ को 6-1 6-4 से हराया

### गॉफ ने पांच डबल फॉल्ट किए

मुकाबले में गॉफ ने पांच डबल फॉल्ट किए। उन्होंने पहले मैच में डेनियली कोलिन्स के खिलाफ 23 और वेरोनिका कुदरमेतोवा के खिलाफ 14 डबल फॉल्ट किए थे। मई में गॉफ ने रोम में एमकोबो के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-6 6-2 6-1 से जीत दर्ज की थी। अन्य मुकाबलों में 24वीं वरीय यूक्रेन की मार्ता कोस्तयुक ने अमेरिका की मैकार्टनी केसलर को 5-7 6-3 6-3 जबकि कजाखस्तान की नौंवी वरीय एलेना रिबाकिना ने यूक्रेन की डायना यास्त्रेमस्का को 5-7 6-2 7-5 से हराया। क्वार्टर फाइनल में कोस्तयुक और यास्त्रेमस्का आमने-सामने होंगी।



## क्वार्टर फाइनल में रूण को हराया

एजेंसी ⏭ टोरंटो

ऑस्ट्रेलिया के गत चैंपियन एलेक्सी पोपिरिन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए तीन सेट तक चले मुकाबले में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण इस प्रतियोगिता में 18वीं वरीयता प्राप्त पोपिरिन ने डेनमार्क के पांचवीं वरीयता प्राप्त होल्गर रूण को 4-6, 6-2, 6-3 से हराया।

अमेरिका के एलेक्स मिशेलसन भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने हमवतन लर्नर टिएन को 6-3, 6-3 से हराया। मिशेलसन का अगला मुकाबला रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव से होगा, जिन्होंने नॉर्वे के आठवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को 6-4, 7-5 से पराजित किया।



## खबर संक्षेप

### अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जीते शिवम, मौसम

**बैंकॉक।** भारत के शिवम और मौसम सुहाग ने अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने-अपने वजन वर्ग में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज की।



पुरुष 55 किग्रा वर्ग में शिवम ने तीनों राउंड में दबदबा बनाते हुए तुर्कमेनिस्तान के बेजिरगेन अनायेव को सर्वसम्मत फैसले से हराया। इसके बाद मौसम ने 65 किग्रा वर्ग में कड़े मुकाबले में कजाखस्तान के नूरकाबिलुली मुखित को 3-2 से हराया। अंडर-19 वर्ग में हालाकि शुभम को 60 किग्रा वर्ग में कजाखस्तान के तोर्तुबेक आदिलेत के खिलाफ 0-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

### 42वें स्थान पर खिसकी दीक्षा


**पोर्थकॉल (वेल्स)।** भारत की दीक्षा डागर लगातार दूसरे दौर में एक ओवर 73 के स्कोर से एआईजी महिला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 28वें से संयुक्त 42वें स्थान पर खिसक गईं।



चौबीस साल की दीक्षा ने दूसरी बार इस टूर्नामेंट में कट हासिल किया है। दीक्षा ने तीसरे दौर में एक ईगल, तीन बर्डी, दो डबल बोगी और दो बोगी की। तीसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर एक ओवर है। इस बीच मियु यामाशिता दो ओवर 74 के स्कोर से कुल नौ अंडर के स्कोर से शीर्ष पर बरकरार हैं। चौबीसवें जन्मदिन के दिन हालांकि यामाशिता की बढ़त तीन शॉट से सिर्फ एक शॉट की रह गई।

### ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स को हराया

**नई दिल्ली।** रोहन राठी ने अंतिम गेंद पर छक्का जड़कर दिल्ली प्रीमियर लीग के दूसरे सत्र के पहले मैच में ईस्ट दिल्ली राइडर्स को साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स पर पांच विकेट की जीत दिलाई। सुपरस्टार्स के 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए राइडर्स को अंतिम ओवर में 15 रन की जरूरत थी और राठी ने काव्य गुप्ता के साथ मिलकर टीम को जीत दिला दी। राइडर्स की तरफ से कप्तान अनुज रावत ने 35 गेंद में 55 जबकि मयंक रावत ने 20 गेंद में 30 रन बनाए। हार्दिक शर्मा ने 27 रन की उपयोगी पारी खेली। सुपरस्टार्स ने इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 169 रन का स्कोर खड़ा किया।




### स्कॉटिश चैलेंज : तलवार 54वें स्थान पर खिसके

**रॉक्सबर्ग।** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार स्कॉटिश चैलेंज के तीसरे दौर में एक ओवर 72 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 54वें स्थान पर पर खिसक गए।



तलवार ने शुरुआती दौर में पांच अंडर 66 का शानदार कार्ड खेला था लेकिन दूसरे और तीसरे दौर में एक समान 72 के कार्ड के बाद उनका कुल स्कोर तीन अंडर का हो गया। स्कॉटलैंड के डेनियन यंग सात अंडर 64 का शानदार कार्ड खेलने के बाद चार शॉट की बढ़त के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

## खराब लाइट के कारण चौथे दिन का खेल जल्दी खत्म

# ओवल टेस्टः इंग्लैंड जीत से 35 रन दूर, भारत को चार विकेट की दरकार

एजेंसी ⏭ लंदन

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की श्रृंखला का रोमांचक पांचवें टेस्ट मैच के चौथे दिन का खेल रविवार को खराब रोशनी और फिर बारिश के कारण पूरा नहीं हो सका। दिन का खेल रोके जाते समय इंग्लैंड को जीत के लिए 35 रन की जरूरत थी जबकि भारत को चार विकेट की दरकार है। इस समय जैमी स्मिथ दो रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे जबकि जैमी ओवरटन ने खाता नहीं खोला था। जीत के लिए ओवल मैदान पर रिकॉर्ड 374 रन का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने छह विकेट पर 339 रन बना लिये है। इंग्लैंड श्रृंखला में 2-1 से आगे है।

- श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहे इंग्लैंड

चोट के कारण पहली पारी में बल्लेबाजी नहीं करने वाले क्रिस वोक्स हालांकि ड्रेसिंग रूम में चोटिल हाथ में स्लिंग लगाये टेस्ट टीम की जर्सी में दिखे, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह जरूरत पड़ने पर बल्लेबाजी के लिए आ सकते हैं। मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने चाय के विश्राम के बाद शानदार गेंदबाजी करते हुए भारत की उम्मीदें जगा दी है।




### ब्रुक को मिला जीवनदान

आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे ब्रुक को इस दौरान जीवनदान भी मिला जब प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर कैच पकड़ने के बाद मोहम्मद सिराज का पैर बाउंड्री लाइन से टकरा गया और यह छह रन में बदल गया। ब्रुक ने इससे पहले आकाशदीप के खिलाफ अपनी पारी का पहला छक्का जड़ा था। जीवनदान मिलने के बाद उन्होंने कृष्णा के खिलाफ दो बेहतरीन चौके जड़े।

### पहली बार 400 से ज्यादा बाउंड्री

इतिहास में पहली बार भारत ने किसी टेस्ट सीरीज में 400 से ज्यादा बाउंड्री लगाई हैं। इससे पहले भारत ने 1964 में एक सीरीज में 384 बाउंड्री लगाई थीं, जो रिकॉर्ड 60 साल तक कायम रहा था। सिर्फ बाउंड्री ही नहीं, भारत के बल्लेबाजों ने इस सीरीज में कुल 28 बार 50 या उससे अधिक रन बनाए हैं, जो किसी भी टीम के एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज़्यादा है।

### टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली टीमें

भारत ने 2025 एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दौरान कुल 3,809 रन बनाए, औसत रहा 42.32। यह टेस्ट इतिहास में किसी भी टीम की दूसरी सबसे बड़ी रन-संख्या है। पहले नंबर पर है ऑस्ट्रेलिया, जिसने 1989 एशेज सीरीज़ में 6 मैचों में 3,877 रन (औसत 57.86) बनाए थे।

## टेस्ट क्रिकेट को बचाए रखना है

# सिर्फ 'बिग थ्री' को टेस्ट क्रिकेट खेलते हुए नहीं देख सकतेः गूच

एजेंसी ⏭ लंदन



इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ग्राहम गूच का मानना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही पांच मैच की कड़ी श्रृंखला दबाव झेल रहे टेस्ट प्रारुप के लिए बिल्कुल सही प्रेरणा है लेकिन उन्हें डर है कि सिर्फ 'बिग थ्री' (भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों के एक-दूसरे के साथ अधिक खेलने का मौजूदा चलन अंततः बोरियत और ठहराव का कारण बनेगा।

अधिकतर टेस्ट क्रिकेट भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जा रहा है, जो पांच मैच की श्रृंखला में एक-दूसरे के साथ खेलते हैं। वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड जैसे आर्थिक रूप से कमजोर देश केवल दो या तीन मैच की श्रृंखला में ही हिस्सा लेते हैं।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान गूच ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट को 'बिग थ्री' देशों से आगे बढ़कर फलने-फूलने की जरूरत है।

गूच ने कहा, 'मुझे लगता है कि आईसीसी को टेस्ट क्रिकेट पर ध्यान देने की जरूरत है और यह देखने की जरूरत है कि वे आर्थिक रूप से कमजोर देशों की कैसे मदद कर सकते हैं। मैं छोटे देशों की बात नहीं करूंगा, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर देशों की बात करूंगा।' टेस्ट क्रिकेट में 8900 रन के साथ इंग्लैंड के तीसरे सबसे सफल बल्लेबाज 72 वर्षीय गूच ने कहा, 'क्योंकि आपको टेस्ट क्रिकेट को बचाए रखना है। आप सिर्फ तीन टीम के बीच नहीं खेल सकते। अगर न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका जैसी दूसरी टीम कम टेस्ट क्रिकेट खेलेंगी तो किसी के पास खेलने के लिए कोई नहीं होगा। इसलिए उन्हें खेल का पूरा समर्थन करना होगा।'

### दबाव में टेस्ट क्रिकेट

भारत और इंग्लैंड ने पांच मैच की श्रृंखला में एक-दूसरे को बेहद कड़ी टक्कर दी है और ऐसे में गूच यहां खेले गए क्रिकेट और इन नजदीकी मैचों में पैदा हुए तनाव से बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा, 'यह एक शानदार श्रृंखला रही है और टेस्ट क्रिकेट के लिए बेहद अच्छी है। क्योंकि हम जानते हैं कि फ्रेंचाइजी क्रिकेट दुनिया भर में छाया हुआ है और टेस्ट क्रिकेट दबाव में है।'' गूच ने कहा, 'तो इस तरह की श्रृंखला में काफी रोमांच, काफी अच्छा क्रिकेट, ढेर सारे रन, शानदार गेंदबाजी, और तनाव, कभी-कभी खेल में थोड़ी-बहुत चुभन भी होती है, जिससे असल में मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता।'

## क्रिकेट

# वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को हराया, दर्ज की रोमांचक जीत



एजेंसी ⏭ लॉडरहिल (अमेरिका)

जैसन होल्डर ने चार विकेट लिए और फिर मैच की अंतिम गेंद पर चौका जड़ा, जिससे वेस्टइंडीज ने कुछ विषम पलों से गुजरते हुए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को दो विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की।

- टी20 में वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को दो विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की

अनुभवी ऑलराउंडर होल्डर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 19 रन देकर चार विकेट लिए और पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरे पाकिस्तान को नौ विकेट पर 133 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। पाकिस्तान के केवल तीन बल्लेबाज हसन नवाज (40), कप्तान सलमान आगा (38) और फखर जमा (20) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए।

वेस्टइंडीज की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और एक समय उसका स्कोर पांच विकेट पर 70 रन था, लेकिन गुडाकेश मोती (28) और रोमारियो शेफर्ड (15) ने उसे मुकाबले में बनाए रखा।

वेस्टइंडीज को जीत के लिए अंतिम गेंद पर तीन रन की जरूरत थी। होल्डर ने पाकिस्तान के प्रमुख तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी की गेंद को चार रन के लिए भेजकर वेस्टइंडीज का स्कोर आठ विकेट पर 135 रन पर पहुंचाया।

होल्डर ने 10 गेंद पर नाबाद 16 रन बनाए। पाकिस्तान की तरफ से मोहम्मद नवाज ने तीन और सैम अयूब ने दो विकेट लिए। यह वेस्टइंडीज की सात टी20 मैचों में पहली जीत है। उसे पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैच की श्रृंखला में 5-0 से हराया था।

## राहुल ने की हर मिनट इंग्लैंड श्रृंखला की तैयारी : नायर

**मुंबई।** भारत के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर ने कहा कि लोकेश राहुल ने अपने आखिरी आईपीएल मैच के बाद हर मिनट इंग्लैंड दौरे की तैयारी में बिताया है और टीम के लिए सभी क्रम पर खेलने से मिलने वाली प्रशंसा के वह हकदार हैं। राहुल पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में भारत के दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने दो शतक और दो अर्धशतक की मदद से 53.20 की औसत से 532 रन बनाए और यशस्वी जायसवाल के साथ एक मजबूत सलामी जोड़ी बनाई।



कुछ समय पहले तक भारत के सहायक कोच के रूप में काम करने वाले नायर ने कहा कि वह राहुल के किए बदलावों का खुलासा नहीं कर सकते लेकिन वह वांछित परिणाम देखकर खुश हैं। नायर ने कहा, 'मैं लोकेश राहुल में देखे गए बदलावों के बारे में बात नहीं कर सकता क्योंकि इससे उसका प्रभाव काफी कम हो जाएगा।' उन्होंने कहा, 'मैं बस इतना कह सकता हूं कि जो भी बदलाव हुए हैं, वे वाकई कारगर रहे हैं।'

## विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2025 ट्रायल



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के इंदिरा गांधी एरिना में 'विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2025' के लिए ट्रायल के दौरान 50 किलोग्राम स्पर्धा में पहलवान अंकुश और नीलम प्रतिस्पर्धा करते हुए।

## कोलंबिया को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराया

# ब्राजील ने जीता कोपा अमेरिका फेमिनिना खिताब

एजेंसी ⏭ क्विटो (इक्वाडोर)

छह बार विश्व की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही मार्टा के शानदार प्रदर्शन की मदद से ब्राजील की महिला फुटबॉल टीम ने तीन बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कोलंबिया को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर नौवां कोपा अमेरिका फेमिनिना खिताब जीता। दुनिया की सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलर 39 वर्षीय मार्टा ने 82वें मिनट में मैदान पर कदम रखा और इंजरी टाइम के छठे मिनट में गोल करके ब्राजील को 3-3 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद उन्होंने अतिरिक्त समय में भी गोल किया, जिससे ब्राजील ने पहली बार मैच में बढ़त बनाई।


### एंजेलिना और अमांडा ने दागे गोल

ब्राजील की तरफ से 45वें मिनट में एंजेलिना अलोंसो और 80वें मिनट में अमांडा गुटिएरेस ने भी गोल किए। कोलंबिया के लिए लिंडा कैसेडो ने 25वें मिनट में, मायरा रामिरेज ने 88वें मिनट में और सैंटोस ने गोल किए। ब्राजील की डिफेंडर टार्सियाने ने 69वें मिनट में आत्मघाती गोल भी किया।



### मार्टा ने 206 मैचों में 122 गोल किए

लेसी सैंटोस ने 115वें मिनट में गोल करके कोलंबिया को 4-4 की बराबरी पर ला दिया और मैच पेनल्टी शूटआउट में चला गया। गोलकीपर लोरेना दा सिल्वा ने शूटआउट में दो पेनल्टी बचाकर ब्राजील को महाद्वीपीय चैंपियनशिप में लगातार पांचवां खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। ब्राजील ने पिछले पांच फाइनल में चौथी बार कोलंबिया को हराया। छह विश्व कप और छह ओलंपिक खेल चुकी मार्टा ने ब्राजील की तरफ से 206 मैचों में 122 गोल किए हैं।




## खबर संक्षेप

### कपूरथला के युवक की दुबई में टैंकर पलटने से मौत



**कपूरथला।** पंजाब के कपूरथला के रहने वाले युवक की दुबई में टैंकर पलटने से मौत हो गई। वह नवंबर 2024 में बेहतर भविष्य और रोजगार की तलाश में दुबई गया था। जहां वह टैंकर ड्राइवर के रूप में काम कर रहा था। हादसा बीते कल हुआ है। जिसकी जानकारी परिजनों को आज सुबह मिली है। मृतक की पहचान नवजोत सिंह के नाम से हुई है, जो सुल्तानपुर लोधी का रहने वाला था। दुबई में हादसे के बाद नवजोत को अस्पताल भी लेकर गया था।

### पाक जेल में बंद भारतीय का वीडियो सामने आया



**ढाका।** पंजाब के फाजिल्का में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर खेती करने गया युवक सरहद पार कर गया। युवक को पाकिस्तानी रेंजर्स ने पकड़ लिया। करीब डेढ़ माह बाद अब युवक का एक वीडियो सामने आया है। इसमें युवक कह रहा है कि वह पाकिस्तानी जेल में बंद है। उस पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, वकील कर लो। वीडियो सामने आते ही उसके परिवार ने स्थानीय पुलिस और बीएसएफ अधिकारियों को मामले की जानकारी दी।

### देश में भारी बारिश का सिलसिला जारी, नदियों का जलस्तर बढ़ रहा

# दिल्ली से लेकर हिमाचल तक भारी बारिश की चेतावनी, यूपी-बिहार व राजस्थान में भी अलर्ट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली/शिमला/लखनऊ

देश में भारी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने देशभर में सोमवार को भारी मूसलाधार बारिश की चेतावनी जारी की है। उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक मूसलाधार बारिश का अलर्ट है, जिससे कई नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर जा सकता है। उत्तर से लेकर दक्षिण तो पूर्व से लेकर पश्चिम तक मूसलाधार बारिश की चेतावनी जारी की गई है। कई राज्यों में नदियों का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। उप्र, राजस्थान और बिहार में मध्यम से भारी बारिश, वज्रपात और आकाशीय बिजली गिरने का अलर्ट है। वहीं देश के दक्षिणी और पश्चिमी इलाकों में बारिश का रौद्र रूप देखने को मिल सकता है। दिल्ली में मौसम बदलेगा और भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी संभावना है। साथ ही उप्र में एक बार फिर से आसमानी आफत लोगों की मुश्किलें बढ़ा सकती है। मौसम विभाग ने सूबे के 50 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। प्रशासन ने भी अफसरों और एनडीआरएफ टीमों को सतर्क कर दिया है। मौसम विभाग ने राज्यों के जिला प्रशासन को अलर्ट रहने के साथ ही लोगों से सावधान रहने की अपील की है।

- मौसम विभाग ने सभी राज्यों से कहा सावधानी बरतें



### नेपाल में डूबे भारतीय युवक का शव बरामद

*काठमांडू (भाषा)। नेपाल की बागमती नदी में डूबे एक भारतीय युवक का शव रविवार को दक्षिणी तराई क्षेत्र के एक सिंचाई नहर से बरामद किया गया। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई। 'बिहार के खगड़िया जिले के रहने वाले रोहित कुमार सिंह (30) ने शनिवार को चंद्रपुर नगर पालिका के नूनथार में दोपहर करीब दो बजकर 40 मिनट पर शराब के नशे में नदी में स्नान के लिए प्रवेश किया था। थोड़ी देर बाद लापता हो गया था। स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार सुबह करीब 10 बजकर 25 मिनट पर सिंह का शव रौतहट जिले के गुजरा नगरपालिका स्थित बागमती सिंचाई नहर से बरामद किया।*

### राजस्थान में अगले हफ्ते भी होगी बारिश

**जयपुर (भाषा)।** राजस्थान के अनेक हिस्सों में अगले हफ्ते भी बारिश होती रहेगी। हालांकि इस दौरान अति भारी बारिश होने का अनुमान नहीं है। मौसम केंद्र (जयपुर) के अनुसार अगले तीन-चार दिन राज्य के उत्तर-पूर्वी भागों में मध्यम से लेकर कहीं-कहीं तेज बारिश होने की संभावना है। केंद्र का कहना है कि पश्चिमी राजस्थान में अगले पांच-छह दिन केवल छुटपुट स्थानों पर ही हल्की बारिश होने एवं अधिकतर भागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने का अनुमान है।

### उत्तर प्रदेश के 17 जिले बाढ़ की चपेट में

**लखनऊ(भाषा)।** राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने रविवार को बताया कि राज्य के 17 जिलों में 37 तहसीलों के 402 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं और उनमें रहने वाले 84 हजार 392 लोगों की जिंदगी पर असर पड़ा है। राष्ट्रीय एनडीआरएफ, राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और प्रादेशिक सशस्त्र कांस्टेबलरी (पीएसी) के कर्मियों द्वारा निरंतर गश्त के साथ राहत और बचाव कार्य जोरों पर चल रहा है।




### हिमाचल में दो राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 307 सड़कें बंद



*शिमला (भाषा)। हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश जारी रही, जिसके कारण रविवार को दो राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 307 सड़कों पर यातायात ठप पड़ गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय मौसम कार्यालय ने राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों में सोमवार और मंगलवार को भारी से बहुत भारी बारिश के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है। राज्य के कई क्षेत्रों में शनिवार शाम से मध्यम से भारी बारिश हो रही है।*

### केरल में अगले पांच दिन तक भारी बारिश का अनुमान

*तिरुवनंतपुरम (भाषा)। केरल के कई जिलों में अगले पांच दिन तक अत्यधिक बारिश होने की संभावना के मद्देनजर सिलसिलेवार अलर्ट जारी किए गए हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी ने बताया कि दक्षिण-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 1.5 किमी से 4.5 किमी की ऊंचाई पर बना हुआ है। केरल और लक्षद्वीप के अधिकांश हिस्सों में रविवार को बारिश दर्ज की गई। आईएमडी ने तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पथनमथिट्टा, अलप्पुझा, कोट्टायम, इडुक्की और एर्नाकुलम जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। पथनमथिट्टा, अलप्पुझा, कोट्टायम, इडुक्की, एर्नाकुलम और त्रिशूर जिलों के लिए भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।*



# यूक्रेन के न्यूक्लियर प्लांट के पास ड्रोन से फिर हमला

एजेंसी ▸▸ कीव

रूस और यूक्रेन का युद्ध रुकने का नाम नहीं ले रहा है, दोनों ही देश एक दूसरे पर लगातार बड़े हमले कर रहे हैं। यूक्रेन के ड्रोन अटैक के बाद रूस अब बदला ले रहा है और लगातार यूक्रेन की कमर तोड़ रहा है। वहीं यूक्रेन भी किसी हाल में हार मानने के लिए तैयार नहीं है।

यूक्रेन के जोपोरिजिया न्यूक्लियर प्लांट के पास एक इमारत पर ड्रोन से हमला हुआ। इस हमले से आग लग गई और धुआं उठने लगा। इससे न्यूक्लियर रेडिएशन रिसाव का डर फैल गया है, जो यूरोप के लिए खतरा बन सकता है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की टीम वहां मौजूद है। उन्होंने मिलिट्री एक्टिविटी की आवाज सुनीं और प्लांट से 1200 मीटर दूर इमारत से धुआं देखा।

### यूरोप में रेडिएशन फैलने का खतरा

एटॉमिक एनर्जी एजेंसी की रिपोर्ट में इस बात का जिक्र किया गया है। ये वही न्यूक्लियर प्लांट है, जिस पर रूसी सेना ने कब्जा कर लिया था। आईएईए के डायरेक्टर जनरल राफेल मारियानो ग्रॉसी ने जानकारी दी। न्यूक्लियर प्लांट की फेसिलिटी पर गोलाबारी और ड्रोन से हमला सुबह करीब 9 बजे से शुरू हुआ था।

### यूक्रेन के ड्रोन हमले से रूस के तेल डिपो में भीषण आग

**मास्को(एजेंसी)।** यूक्रेन ने रूसे के बड़े तेल डिपो को निशाना बनाया है। रूस अधिकारियों ने रविवार को बताया कि रूस के काला सागर स्थित रिसॉर्ट सोची में तेल डिपो पर यूक्रेन ने ड्रोन से हमला किया। क्रास्नोडार क्षेत्र के गवर्नर वेनियामिन कोंड्राटयेव ने बताया कि ड्रोन का मलबा गिरने से ईंधन टैंक में भीषण आग लग गई। आग को बुझाने के लिए 127 से अधिक दमकल कर्मी जुटे हुए हैं। रूस ने सोची के नजदीक के एयरपोर्ट ने अपनी सभी उड़ानें सस्पेंड कर दी है। घटनास्थल का वीडियो वायरल हो रहा है। हमले में चार लोगों की मौत हुई है।



## बप्पा की सवारी



मुंबई। गणेश चतुर्थी से पहले रविवार को भगवान गणेश की मूर्ति को पंडाल तक ले जाने के लिए एक जुलूस में बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। यह एक पारंपरिक जुलूस होता है जिसमें भक्त नाचते-गाते, ढोल बजाते हुए मूर्ति को स्थापित करने के लिए ले जाते हैं। गणेश चतुर्थी, भगवान गणेश के जन्मदिन के रूप में मनाया जाने वाला एक प्रमुख हिंदू त्योहार है। इस त्योहार से पहले, भक्त भगवान गणेश की मूर्ति को अपने घरों या सार्वजनिक पंडालों में स्थापित करते हैं।

**एयरफोर्स की बढ़ेगी ताकत**

## फ्रांस से राफेल के बाद अब स्पेन से भारत को मिले 16 नए विमान

**नई दिल्ली।** भारत अपने रक्षा सौदे काफी सोच-समझकर करता है। रूस भले ही भारत का भरोसेमंद पार्टनर रहा हो और वो फ्रांस से बड़े रक्षा सौदे करता है लेकिन उसे जहां भी अपनी सेना को मजबूत करके की संभावनाएं दिखती हैं, वो वहां से हथियार लेने में पीछे नहीं हटता है। इसी सिलसिले में भारत ने स्पेन से भी कुछ ऐसे एयरक्राफ्ट लिए हैं, जो उसकी सैन्य क्षमता को और भी ज्यादा बढ़ाने वाले हैं। शनिवार को भारत को स्पेन से उसका 16वां और आखिरी सी-295 सैन्य परिवहन विमान मिल गया। यह जानकारी स्पेन स्थित भारतीय दूतावास ने दी। भारत को स्पेन से 16 ऐसे एयरक्राफ्ट मिले हैं, जो वायुसेना की ताकत बढ़ाने वाले हैं। भारत ऐसे 40 एयरक्राप्ट अपने देश में भी तैयार करने वाला है।



### जाली दस्तावेज मामले में अंसारी गिरफ्तार

*लखनऊ (भाषा)। दिवंगत नेता मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को रविवार को अदालत में जाली दस्तावेज पेश करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। यह मामला उनके पिता की जब्त की गई संपत्तियों को छुड़ाने के लिए दायर याचिका से जुड़ा है। गाजीपुर के पुलिस अधीक्षक के मुताबिक उमर को लखनऊ में गिरफ्तार किया। उमर पर आरोप है कि उसने उत्तर प्रदेश गैंगस्टर अधिनियम के प्रावधानों के तहत जब्त की गई परिवार की संपत्तियों को छुड़ाने के लिए अदालत में याचिका दायर करके अपना दावा सही साबित करने के लिये जाली दस्तावेज अदालत में पेश किए।*

**भगवान के दर्शन करने निकला हिंदू परिवार**

## अमेरिका में मंदिर जाते समय लापता हुए 4 भारतीयों की कार दुर्घटना में मौत



एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

न्यूयॉर्क से वेस्ट वर्जीनिया जाते समय लापता हुए भारतीय मूल के एक परिवार के चार सदस्य एक दुखद कार दुर्घटना में मृत पाए गए हैं। मरने वाले लोगों की पहचान डॉ. किशोर दीवान, आशा दीवान, शैलेश दीवान और गीता दीवान के रूप में हुई है। मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक उनकी हल्के हरे रंग की टोयोटा कैमरी 2 अगस्त की रात लगभग 9.30 बजे पश्चिम वर्जीनिया के मार्शल काउंटी में बिग व्हीलिंग क्रीक रोड के किनारे एक खड़ी चट्टान के पास मिली हैं।

### सीसीटीवी के फुटेज में समूह के दो सदस्यों को रेस्टोरेंट में जाते देखा गया था

रिपोर्ट के मुताबिक इन चारों बुजुर्गों को आखिरी बार 29 जुलाई को पेंसिल्वेनिया के एक बर्गर किंग आउटलेट पर देखा गया था। अधिकारियों ने बताया कि बर्गर किंग आउटलेट के सीसीटीवी फुटेज में समूह के दो सदस्यों को रेस्टोरेंट में अंदर जाते देखा गया था और उनके क्रेडिट कार्ड से आखिरी बार किए गए लेन-देन का भी उसी स्थान पर पता चला है।

## जम्मू-कश्मीर में खुदाई के दौरान निकलीं 'हिंदू मूर्तियां, दो हजार साल पुरानी होने का अनुमान



एजेंसी ▸▸ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में खुदाई के दौरान शिवलिंग समेत तमाम प्राचीन हिंदू मूर्तियां बरामद की गई हैं। शनिवार को इसकी जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि यह मूर्तियां ऐशमुकाम के सलिया इलाके में करकूट नाग इलाके में बरामद की गई हैं। यह इलाका कश्मीरी पंडितों के लिए महत्वपूर्ण है। यहां के पंडित आमतौर पर इस इलाके को करकूट वंश से जोड़ते हैं, जिसके बारे में कहा जाता है कि इस वंश ने 625 से 855 ई.पू. तक कश्मीर पर शासन किया था। यह जिला मुख्यालय से लगभग 16 किमी दूर है। इस जम्मू-कश्मीर राज्य का लोक निर्माण विभाग यहां पर एक झरने के जीर्णोद्धार का काम कर रहा था, इसी दौरान मजदूरों को यह मूर्तियां मिली हैं।

### 11 शिवलिंगों सहित 15 प्राचीन मूर्तियां मिलीं

झरने की खुदाई में 11 शिवलिंगों सहित कुल मिलाकर 15 प्राचीन मूर्तियां मिली हैं। इन मूर्तियों के ऊपर कई देवताओं के चित्र उत्कीर्ण हैं। सभी क्षतिग्रस्त मूर्तियां एक प्राचीन मंदिर का हिस्सा मानी जा रही हैं, जो दशकों पहले यहां मौजूद था। इन मूर्तियों के बरामद होने की सूचना मिलते ही राज्य अभिलेखागार, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के अधिकारी यहां दौरे पर आए और उन्होंने इनकी जांच की।

### भारतीय राजदूत क्वात्रा अमेरिका में तुलसी गबार्ड से मिले, 'आपसी हितों' पर की चर्चा

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन (भाषा)।** अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने रविवार को राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) तुलसी गबार्ड से मुलाकात की और पारस्परिक हित के मुद्दों पर चर्चा की। क्वात्रा ने कहाकि "डीएनआई तुलसी गबार्ड और उनके पति अब्राहम विलियम्स से मिलकर खुशी हुई। हमने आपसी हितों के विभिन्न मुद्दों पर दिलचस्प बातचीत की। गबार्ड मार्च में भारत दौरे पर आई थीं। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ द्विपक्षीय वार्ता की थी और 'रायसीना डायलॉग' को भी संबोधित किया था।

### ब्रिटेनः सोशल मीडिया से अवैध आव्रजन कराने वाले गिरोहों पर कार्रवाई के लिए नया कानून

**लंदन (भाषा)।** ब्रिटेन ने रविवार को एक नए कानून की योजना पेश की जो खतरनाक ढंग से छोटी नौकाओं के जरिये लोगों को भेजने समेत देश में अवैध आव्रजन के अन्य रूपों को बढ़ावा देने वाले सोशल मीडिया विज्ञापनों के लिए जिम्मेदार आपराधिक गिरोहों पर कार्रवाई करने में मददगार होगी। सीमा सुरक्षा, शरण और आव्रजन विधेयक, जो वर्तमान में संसद में विचाराधीन है, में एक नए संशोधन के तहत ब्रिटेन भर में एक ऐसे व्यापक अपराध को निर्दिष्ट किया जाएगा जो ऑनलाइन प्रकाशन के लिए ऐसी सामग्री के सृजन को आपराधिक बना देगा।

### संदिग्ध अकाउंट से जुड़े कुछ युवाओं को हिरासत में लिया

## विचारधारा से आमदनी तकः कश्मीर में नया सोशल मीडिया खेल, सुरक्षा एजेंसियों ने किया खुलासा

एजेंसी ▸▸ श्रीनगर

सुरक्षा एजेंसियों ने कश्मीर घाटी में कुछ युवाओं के बीच अलगाववादियों और आतंकवादियों का महिमामंडन करने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करने के एक नये चलन का खुलासा किया है। इसके पीछे का कारण वैचारिक प्रतिबद्धता नहीं, बल्कि फॉलोवर बढ़ाने और विज्ञापनदाताओं से धन कमाने की एक सोची-समझी रणनीति है। श्रीनगर पुलिस कट्टरपंथ का मुकाबला करने के लिए सोशल मीडिया साइट पर नजर रखने का हरसंभव प्रयास कर रही है। श्रीनगर पुलिस को इस प्रवृत्ति का पता तब चला जब उसने ऐसे अकाउंट से जुड़े. कुछ युवाओं को हिरासत में लिया। युवकों ने पूछताछ के दौरान, कथित तौर पर स्वीकार किया कि भड़काऊ तस्वीरों -जैसे कि



प्रतिबंधित हिजबुल मुजाहिदीन के मारे गए आतंकवादी बुरहान वानी की तस्वीर - का इस्तेमाल फॉलोवर का एक बड़ा आधार हासिल करने के लिए एक सोची-समझी रणनीति थी। युवकों ने बताया कि इससे वे बाद में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर विज्ञापनदाताओं से विज्ञापन हासिल करके उससे पैसे कमाने में सक्षम हो सके। अधिकारियों ने बताया कि बड़ी संख्या में फॉलोअर, विशेषकर सीमापार और विदेशों से, हासिल करने के बाद, अकाउंट संचालक इन तस्वीरों को पहाड़ों या चिनार के पेड़ों जैसी तस्वीरों से बदल देते थे।

### सोशल मीडिया पर भड़काऊ तस्वीरों का इस्तेमाल

अधिकारियों का मानना है कि कश्मीर घाटी में भड़काऊ तस्वीरों का इस्तेमाल करने वाले सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर के पीछे का मकसद आर्थिक है। डिजिटल दुनिया में, जहां कंटेट से कमाई नया लक्ष्य बन गया है, वहीं लाइक, शेयर और कमाई की होड़ ने चीजों को एक अस्पष्ट दायरे में पहुंचा दिया है। अधिकारियों ने कहा कि इनमें से ज़्यादातर इन्फ्लूएंसर सोशल मीडिया मंच पर ब्रांड साझेदारी पर निर्भर हैं, जहां वे या तो उत्पादों का प्रचार करते हैं या उन्हें अपनी सामग्री में शामिल करते हैं। तीन सोशल मंच पर काम करने वाले दो प्रमुख इन्फ्लूएंसर के अनुसार, ब्लू-टिक सत्यापन प्रणाली के बावजूद राजस्व-साझा करने का मॉडल अस्पष्ट बना हुआ है।

**राजनीति** भारत की तेल सप्लाई रोकी तो चुप नहीं बैठेगा मित्र रूस

# रूस से लगातार तेल खरीदने के भारत के फैसले के साथ खड़ा हुआ चीन, डोनाल्ड ट्रंप को दी नसीहत

एजेंसी ▸▸ बीजिंग

डोनाल्ड ट्रंप की धमकियों के बावजूद भारत ने रूस से कच्चा तेल खरीदने का फैसला किया है। भारत ने साफ शब्दों में कह दिया है कि रूस उसका समय की कसौटी पर परखा हुआ साथी है। भारत लगातार रूस से तेल खरीदना जारी रखेगा।

जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भारत के खिलाफ आग उगल रहे थे। भारत के रूस से तेल खरीदने के फैसले पर कायम रहने को लेकर चीन का साथ मिला है और चीन ने भारत की विदेश नीति को स्वतंत्र बताते हुए तारीफ की है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार अमेरिका की तरफ से जुर्माने की धमकी के बावजूद रूस से तेल खरीदने में तत्काल कोई बदलाव नहीं होगा। भारत के इस फैसले पर चीन ने कहा कि भारत का यह कदम आर्थिक हितों और स्वतंत्र विदेश नीति के पालन के दो विचारों से उपजा है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है और 2022 से रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार बना हुआ है। अगर अमेरिका भारत की तेल सप्लाई में बाधा डालता है तो मॉस्को को भारी नुकसान हो सकता है।



### अमेरिका के राष्ट्रपति ने दी प्रतिबंध की धमकी

राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस को 10 दिनों की डेडलाइन दी है और कहा है कि अगर मॉस्को इस दौरान यूक्रेन के साथ शांति समझौता नहीं करता है तो अमेरिका रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगा देगा। इसके पहले ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है, जो आगामी शुक्रवार से लागू हो रहा है।

### रूस पहुंचा सकता है अमेरिका को चोट

विश्लेषकों को डर है कि रूस की कार्रवाई से एक नया वैश्विक आपूर्ति संकट खड़ा हो सकता है। भारत अभी रोजाना 20 लाख बैरल तक तेल खरीदता है, जो वैश्विक आपूर्ति का 2 प्रतिशत है। अन्य प्रमुख खरीदार चीन और तुर्की हैं। जेपी मॉर्गन के विश्लेषकों ने कहा है कि मॉस्को के लिए भारतीय मार्ग इतना महत्वपूर्ण है कि अगर इसमें बाधा पहुंचाई गई तो वह कजाकिस्तान से सीपीसी पाइपलाइन को बंद करके जवाबी कार्रवाई कर सकता है।

### रूस से तेल खरीदना जारी रखेगा भारत

भारतीय अधिकारियों के हवाले से कहा है कि ये दीर्घकालिक तेल अनुबंध हैं। रातोंरात खरीदारी बंद करना इतना आसान नहीं है। सीनियर भारतीय अधिकारियों के हवाले से कहा है कि नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक अधिकारी ने कहा कि, सरकार ने रूस से आयात कम करने के लिए तेल कंपनियों को कोई निर्देश नहीं दिया है। भारत रूस से तेल अपनी आर्थिक जरूरतों की वजह से खरीदता है और अमेरिका की प्रेशर में आकर वो रूस से तेल खरीदना बंद नहीं करेगा। भारत अपने आर्थिक विकास के लिए मजबूत सुरक्षा उपाय बनाए रखेगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25